अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 206 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 21 जुलाई 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप ''अहंब्रह्मास्मि'' की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान

प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास



## दीपक चाहर की मैच विनिंग पारी, भारत ने श्रीलंका को 3 तीन विकेट से हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने मंगलवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए दूसरे वनडे में श्रीलंका को तीन विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ ही भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त लेकर सीरीज अपने नाम कर ली है। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 275 रन बनाए। टीम की तरफ से चरिथ असलंका और अविष्का फर्नांडो ने फिफ्टी जड़ी।

सर्वदलीय बैठक में पीएम मोदी ने कहा-

# कोविड पर हमें राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोविड-19 प्रबंधन पर सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्र और राज्यों को एक टीम के रूप में मिलकर काम करने और महामारी से निपटने के लिए राजनीति से ऊपर उठने का आह्वान किया।

इस बैठक में कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों ने हिस्सा नहीं लिया। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गयी बैठक में मोदी ने कहा कि भारत बीमारी से प्रभावित आबादी के अनुपात में कई अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में है, लेकिन ब्रिटेन जैसे



कुछ देशों में संक्रमण के बढ़ते मामलों को रेखांकित करते हुए उन्होंने सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। मोदी ने कहा कि कुछ और कंपनियों के टीके आगामी दिनों में उपलब्ध होने की संभावना है और सरकार द्वारा टीकाकरण पर दिए जा रहे जोर के बारे में बताया। करीब तीन घंटे तक चली बैठक में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कोविड-19 प्रबंधन पर एक प्रस्तुति दी। इसके बाद विभिन्न दलों के नेताओं ने कुछ सवाल पूछे और सुझाव दिए। शिवसेना और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने क्रमशः महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के लिए और टीकों की मांग की।

बीजू जनता दल (बीजद), टीएमसी और कुछ अन्य दलों ने भी सरकार से स्वदेशी टीके कोवैक्सिन के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) नेता नामा नागेश्वर राव ने सरकार से टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देने का आग्रह किया और चिंता जताते हुए कहा कि महामारी की दूसरी लहर ने ग्रामीण आबादी को भी प्रभावित किया है। हालांकि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस संबंध में 20 से अधिक बैठकें कर महामारी से लड़ने के अभियान में अतिरिक्त गंभीरता का परिचय दिया है।




# दिल्ली में 15 अगस्त से पहले ड्रोन हमले की आशंका, लालकिला भी दस दिन पहले ही कल से बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में 15 अगस्त के पहले और मानसून सत्र के बीच ड्रोन से हमले की साजिश रची गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। खुफिया अलर्ट के मुताबिक आतंकी 'ड्रोन जेहाद' कर दिल्ली में बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने की फिराक में जुटे हैं। खुफिया सूचना के मुताबिक 15 अगस्त से पहले दिल्ली को दहलाने की नापाक साजिश रच रहे हैं। खासतौर से 5 अगस्त के दिन ज्यादा खतरा बताया गया है। दरअसल सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली पुलिस को आगाह किया है कि 5



अगस्त को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटी थी, ऐसे में इस दिन ही आतंकी वारदात को अंजाम देने की साजिश में जुटे हैं। लाल किला भी दस दिन पहले ही 15 अगस्त तक के लिए बंद कर दिया गया है। खुफिया अलर्ट के बाद दिल्ली पुलिस सहित तमाम सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। खासकर 15 अगस्त के मद्देनजर लाल किले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सेंट्रल एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों की कई अहम बैठक हुई है। ड्रोन हमले के खतरे से निपटने के लिए पहली बार विशेष ट्रेनिंग भी दिल्ली पुलिस और दूसरी फोर्स को दी गई है। इसमें 'सॉफ्ट किल' व 'हार्ड किल' ट्रेनिंग शामिल है। इस ट्रेनिंग में बताया गया है कि अगर कोई संदिग्ध ड्रोन दिल्ली या उसकी सीमा पर नजर आएगा तो उसे जाम करना है या फिर उसे उड़ा देना है। वहीं ड्रोन जिहाद के खतरे के मद्देनजर नजर इंडियन एयर फोर्स हेडक्वार्टर में एक विशेष ड्रोन कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

## राजनीति के अपराधीकरण से मुक्तिः सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अभी तक कुछ नहीं किया गया है और आगे भी कुछ नहीं होगा

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अभी तक कुछ नहीं किया गया है और आगे भी कुछ नहीं होगा और हम भी अपने हाथ खड़े कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी अपने उन निर्देशों के गैर अनुपालन को लेकर अप्रसनन्ता जताते हुए की जो उसने राजनीतिक दलों द्वारा राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त कराने के लिए दिए थे। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान 13 फरवरी, 2020 के उसके निर्देशों का अनुपालन न करने के लिए भाजपा और कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दलों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए की।







## येदियुरप्पा को समर्थन का ऐलान, बोले नेता- हटाए गए तो होंगे दुष्परिणाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीएम की कुर्सी से हटाए जाने की आशंकाओं के बीच बेंगलुरु के कई मठों के प्रमुखों ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा से मुलाकात की है। इस प्रभावशाली समुदाय के कई संतों एवं नेताओं ने भाजपा को 78 वर्षीय कद्दावर लिंगायत नेता को मुख्यमंत्री के पद से हटाये जाने के विरूद्ध आगाह किया है। कर्नाटक में लिंगायत करीब 16 फीसद हैं। वीरशैव-लिंगायत समुदाय भाजपा का अहम वोटबैंक समझा जाता है। अब इस समुदाय ने सीएम येदियुरप्पा को सपोर्ट करने का वादा किया है। लिंगायत समुदाय से आने वाले येदियुरप्पा पार्टी में इस समुदाय से जुड़े बड़े चेहरे हैं।

## पेगासस जासूसीः शशि थरुर वाली संसदीय समिति ने गृह और आईटी मंत्रालय को बुलाया, स्वतंत्र जांच की उठाएगी मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली आईटी मामलों की संसदीय समिति ने पेगासस जासूसी मामले को लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, गृह मंत्रालय और दूरसंचार मंत्रालय से जवाब-सवाल करेगी। समिति ने इन मंत्रालयों के जिम्मेदार अधिकारियों को 28 जुलाई को समिति के सामने पेश होने को कहा है। इस मामले से परिचित एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी है।एक अधिसूचना में कहा गया है कि नागरिक डेटा सुरक्षा और गोपनीयता विषय पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, गृह मंत्रालय और संचार मंत्रालय के प्रतिनिधियों से बात करेगी। पेगासस मामले को लेकर शशि थरूर ने ट्विट करते हुए कहा था 'यह साबित हो गया है



कि भारत में जांचे गए फोन में पेगासस का अटैक था, क्योंकि यह उत्पाद केवल सरकार को बेचा जाता है। सवाल उठता है कि कौन सी सरकार? अगर भारत सरकार कहती है कि उन्होंने ऐसा नहीं किया।

किसी और सरकार ने किया, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता का विषय है।'

उन्होंने आगे कहा कि 'यदि यह पता चलता है कि यह हमारी सरकार है और यह (ऐसा करने के लिए) अधिकृत है, तो भारत सरकार को स्पष्टीकरण देने की आवश्यकता है क्योंकि कानून केवल राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के मुद्दे के लिए कम्यूनिकेशन के जरिए रोक की अनुमति देता है. यह अवैध है।







# राज कुंद्रा पर मुंबई पुलिस का बयान, ऐप के जरिये अश्लील फिल्मों का चल रहा था कारोबार, लंदन तक जुड़े तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त(अपराध) मिलिंद भारंबे ने कहा कि फरवरी 2021 में क्राइम ब्रांच ने पोनीग्राफी फिल्म के सिलसिले में एक मामला दर्ज किया था। इस मामले में कल तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राज कुंद्रा की मुंबई में स्थित वियान कंपनी का टाइअप लंडन में केंद्रीन कंपनी से है।

पोर्न फिल्म बनाने के आरोप में गिरफ्तार राज कुंद्रा पर मुंबई पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मुंबई पुलिस का कहना है कि राज कुंद्रा की वियान नाम की कंपनी के जरिये ही ये सारा कारोबार हो रहा था। जिसमें मॉडल और एक्ट्रेस को पहले बुलाया जाता था कि वो ऑडिशन



दें। फिर धीरे-धीरे ऑडिशन में ये मामला अश्लीलता की तरफ बढ़ता जाता था। पुलिस ने बताया है कि पोर्न फिल्म के तार मुंबई से लंदन तक जुड़े हैं। ऐप के जरिये अश्लील फिल्मों का कारोबार चल रहा था। मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त(अपराध) मिलिंद भारंबे ने कहा कि फरवरी 2021 में क्राइम ब्रांच ने पोनीग्राफी फिल्म के सिलसिले में एक मामला दर्ज किया था। इस मामले में कल तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राज कुंद्रा की मुंबई में स्थित वियान कंपनी का टाइअप लंडन में केंद्रीन कंपनी से है। मुंबई पुलिस का कहना है कि केंद्रीन कंपनी के मालिक राज कुंद्रा के ब्रदर इन लॉ है इस कंपनी का एक ऐप है जिसका नाम हॉटशॉट्स है। इस ऐप पर जो भी कंटेंट बनाया जाता था वो कंटेंट राज कुंद्रा और केंद्रीन की कंपनी खरीदती थी और ऐप पर पब्लिश करती थी इसका कंटेंट क्रियेशन मुंबई में वियान कंपनी से होता था। जब इस सबका पूरा सबूत मिला तो हमने कल रात में राज कुंद्रा और उनके आईटी हेड रयान थारप को गिरफ्तार किया। आगे की कार्रवाई जारी है।






# जसरा सीएचसी में एसडीएम बारा ने गैर संचारी रोग क्लिनिक का उद्घाटन



**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में मंगलवार को गैर संचारी रोग क्लीनिक इंडिया हाइपरटेंशन कन्ट्रोल इनीशिएटिव का शुभारंभ आईएएस/ एसडीएम बारा सौम्या गुरु रानी ने उद्घाटन फीता काटकर किया। गुरुरानी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस क्लीनिक से दिया गया कार्ड दिखाकर बी0पी0 के मरीज दवाइयां निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा के अधीक्षक डा0 तरुण पाठक ने लोगों को बताया कि 30 वर्ष से ऊपर के लोगों का ब्लडप्रेशर यहां जांच के लिए लिया जायेगा और जिनकी बी0पी0 बढ़ी रहेगी, उनका कार्ड बनाया जायेगा। जिसका नाम बी0पी0 पासपोर्ट रहेगा। उस कार्ड के द्वारा मरीज अपनी नियमित जांच कराकर दवाइयां प्राप्त कर सकता है। ऐसे रोगियों को बी0पी0 पासपोर्ट के रहने पर सुविधाएं किसी भी सरकारी स्वास्थ्य इकाई से प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एसीएमओ डा0 वी0के0 मिश्र, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी सीमा सिंह, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक पंकज मिश्र, नेत्र परीक्षण अधिकारी हीरानंदन पंकज पांडेय एवं एन0सी0डी0 क्लीनिक के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## रेप के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर भेजा जेल

### सोमवार को 10 वर्षीय माशूम के साथ की थी दरिंदगी

**अखंड भारत संदेस**

**करछना।** सोमवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्षीय किशोरी के साथ रेप किया गया घटना के कुछ घंटे बाद ही इस्पेक्टर करछना राकेश कुमार सिंह ने आरोपी कमलेश कुमार पुत्र मनोज कुमार पटेल को पकड़ लिया जिसका मंगलवार को जेल भेज दिया गया। किशोरी का मेडिकल परीक्षण किया गया आरोपी कमलेश कुमार के खिलाफ पास्को एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सुजावन देव मंदिर पर रक्तांचल वेब सीरीज की शूटिंग, दर्शको की उमड़ी भीड़

### पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी व बृजेश सिंह के जीवन चरित्र पर आधारित है वेब सीरीज



**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** घूरपुर के भीटा देवरिया के यमुना धारा के उपर पहाड़ी पर स्थित पौराणिक धार्मिक आस्था के केंद्र सुजावन देव मंदिर पर मंगलवार के दिन रक्तांचल वेब सीरीज का फिल्मांकन किया गया। फिल्मांकन की सूचना मिलते ही आसपास के गांवो के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

रक्तांचल बेव सीरीज पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी और बृजेश सिंह के जीवन चरित्र पर आधारित है। इस सीरीज मे इन दोनों माफियायो के जन्म से लेकर माफिया बनने और जेल जाने तक की पूरी कहानी समाहित की गई है। वर्ष 1980 से लेकर अब तक की इन दोनों माफियाओं की हिस्ट्री का फिल्मांकन किया जा रहा है। यह सीरीज साढ़े चार घंटे का है। अभिनेता क्रांति प्रकाश झा व करण पटेल सहित दर्जन भर कलाकार सुबह से शाम तक फिल्मांकन करते रहे। इस बीच आसापास के सैकड़ो दर्शकों की भीड़ जुटी रही।



## सड़क किनारे व प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी हुई तो होगी शख्त कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** बकरीद के दिन सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी हुई तो कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें मंगलवार के दिन घूरपुर थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में मौजूद गणमान्य लोगों के बीच एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे ने कही। आगे उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए बताया कि यदि कहीं भी किसी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी हुई तो उसके साथ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौजूद आईपीएस एसपी यमुनापार शौरभ दीक्षित ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार के पूर्व पढ़ी जाने वाली नमाज में भीड़ भाड़ नहीं होनी चाहिये। कोविड नियमों के पालन के अनुरूप ही एक बार में पचास से अधिक लोग मस्जिद में ना एकत्र हो, साथ नमाज के समय उचित दूरी और मास्क का उपयोग जरूरी है। लोगों से बात करते हुए एसपी यमुनापार ने कहा कि यदि कहीं भी किसी तरह की अराजकता होने की सूचना हो तो उसे पुलिस से बताएं जिससे समय रहते सुलझाया जा सके। इस बीच एसओ घूरपुर राजेश उपाध्याय, भूपेंद्र सिंह, अमित सिंह, पूर्व प्रधान कमलाशंकर तिवारी, प्रताप बहादुर सिंह, शमशेर अहमद, प्रधान कंजासा दिनेश निषाद, दिनेश मिश्र, सुभाष केसरी, प्रधान इरादतगंज भोला सिंह, सुल्तान अहमद, प्रधान प्रतिनिधि घूरपुर साजन जायसवाल आदि दर्जनों गणमान्य व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## आईसीएआर स्थापना दिवस पर शुआट्स के0वी0के0 ने किया वेबिनार का आयोजन

### अमरूद में लगने वाले कीटों पर विस्तृत चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी/प्रयागराज।** कृषि विज्ञान केन्द्र, शुआट्स में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 93वें स्थापना दिवस के अवसर पर ई गोष्ठी एंव वेबिनार का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रांगण में विभिनन पेड पौधें का रोपण किया गया। के0वी0के0 विभागाध्यक्ष ने ई गोष्ठी के माध्यम से आई.सी.ए.आर. के कार्यो के बारें में बताया कि किस तरह किसानों की आय दुगनी करने के लिये प्रयासरत है। डा0अजय कुमार के कोर्डिनेशन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके ऊपर एक विडियों क्लिप के रूप में किसानों को दिखाया गया इसके साथ साथ कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा बेबिनार के माध्यम से किसानों को अमरूद की गुणवता युक्त उत्पादन तकनीक की खेती के विषय पर डा0एल0पी0यादव (सहायक प्राध्यापक) सी.वी.जी.कालेज लखनऊ ने अमरूद की उनन्त किस्मो की सिंचाई एंव पोषण प्रबन्ध एंव प्रवर्धन तकनीकी की जानकारी दी एंव वैज्ञानिक डा0आर0पी0 सिंह ने अमरूद में लगने वाले मुख्य रोग एंव कीटों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। तथा वैज्ञानिक निमिषा नटराजन ने फल संरक्षण के विषय में कृषकों को जागरूक किया। इस वेबिनार में डा0 डी0 एस0 चौहान, डा0 सुबोध यादव, डा0 जी0पी0एम0 सिंह तथा के0वी0के के सभी स्टाफ जुडे थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सराय अजीज उर्फ अजीजपुर
## विकास खण्ड-फुलपुर, जनपद-प्रयागराज

पत्रांक– मेमो/अ0नि0/2021–22 **दिनांकः 20/07/2021**

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन व अन्य योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत के द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु कार्य स्थल पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा (दर) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.07.2021 से 25.07.2021 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सराय अजीज उर्फ अजीजपुर में 3:00 बजे तक निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 26.07.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे कोविड प्रोटोकाल के अनुसार निविदा खोली जायेगी।

| क्रमांक | सामग्री | ल0/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | बोरंग बालू | प्रति घन मीटर | |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर | |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 35 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 6. | ईंट गिट्टी 20 एम0एम0 से लेकर 40 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 8. | ह्यूम पाईप 350 एम0एम0 (एन0पी0पी0) | प्रति नग | |
| 9. | ह्यूम पाईप 600/900 एम0एम0 | प्रति नग | |
| 10. | सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 11. | इण्टरलाकिंग ईंट | प्रति हजार | |
| 12. | टाइल्स | प्रति नग | |
| 13 | पत्थर, पटिया विभिन्न साईज | प्रति नग | |
| 14. | इण्डिया मार्का – 2 हैण्डपाईप मरम्मत सामग्री | प्रति नग | |
| 15. | शौचालय सामग्री दरवाजा सहित | प्रति नग | |
| 16. | सफाई कर्मी कीट (झाडू, कूड़ा गाड़ी, फावड़ा आदि) | प्रति नग | |
| 17. | सेनिटाइजेशन किट (स्प्रिगलर, ब्लीचिंग पाउडर सोडियम हाइपोक्लोराइड आदि) | प्रति नग | |
| 18. | पल्स आक्सीमीटर/थर्मल स्कैनर/पी0ए0एस0 | प्रति नग | |

**नियम व शर्तें**

1. आपूर्ति हेतु सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात सूचित की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर ही की जायेगी। 3. सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है। 4. सामग्री का आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूर्ति के पश्चात अवर अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता प्रमाणित करने व मापांकन प्रस्तुत करने के बाद ही भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। 7. प्रस्तुत दर पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक न हो। 8. सामाग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 9. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने पर भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 10. निविदा बिना कारण बताये व किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान /सचिव (ग्रा0पं0) का होगा।

राजेन्द्र चौरसिया
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत सराय अजीज उर्फ अजीजपुर
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

राम अवध यादव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सराय अजीज उर्फ अजीजपुर
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत सरायघूरदास उर्फ महजुदवा
## विकास खण्ड-फुलपुर, जनपद-प्रयागराज

पत्रांक– मेमो/अ0नि0/2021–22 **दिनांकः 20/07/2021**

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन व अन्य योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत के द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु कार्य स्थल पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा (दर) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.07.2021 से 25.07.2021 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सरायघूरदास उर्फ महजुदवा में अपराह्न 2:00 बजे तक निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 26.07.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे कोविड प्रोटोकाल के अनुसार निविदा खोली जायेगी।

| क्रमांक | सामग्री | ल0/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | बोरंग बालू | प्रति घन मीटर | |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर | |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 35 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 6. | ईंट गिट्टी 20 एम0एम0 से लेकर 40 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 8. | ह्यूम पाईप 350 एम0एम0 (एन0पी0पी0) | प्रति नग | |
| 9. | ह्यूम पाईप 600/900 एम0एम0 | प्रति नग | |
| 10. | सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 11. | इण्टरलाकिंग ईंट | प्रति हजार | |
| 12. | टाइल्स | प्रति नग | |
| 13 | पत्थर, पटिया विभिन्न साईज | प्रति नग | |
| 14. | इण्डिया मार्का – 2 हैण्डपाईप मरम्मत सामग्री | प्रति नग | |
| 15. | शौचालय सामग्री दरवाजा सहित | प्रति नग | |
| 16. | सफाई कर्मी कीट (झाडू, कूड़ा गाड़ी, फावड़ा आदि) | प्रति नग | |
| 17. | सेनिटाइजेशन किट (स्प्रिगलर, ब्लीचिंग पाउडर सोडियम हाइपोक्लोराइड आदि) | प्रति नग | |
| 18. | पल्स आक्सीमीटर/थर्मल स्कैनर/पी0ए0एस0 | प्रति नग | |

**नियम व शर्तें**

1. आपूर्ति हेतु सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात सूचित की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर ही की जायेगी। 3. सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है। 4. सामग्री का आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूर्ति के पश्चात अवर अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता प्रमाणित करने व मापांकन प्रस्तुत करने के बाद ही भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। 7. प्रस्तुत दर पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक न हो। 8. सामाग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 9. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने पर भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 10. निविदा बिना कारण बताये व किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान /सचिव (ग्रा0पं0) का होगा।

देवराज
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत सरायघूरदास उर्फ महजुदवा
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

रेनू
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सरायघूरदास उर्फ महजुदवा
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराजा

## कार्यालय ग्राम पंचायत राजेपुर
## विकास खण्ड-फुलपुर, जनपद-प्रयागराज

पत्रांक– मेमो/अ0नि0/2021–22 **दिनांकः 20/07/2021**

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन व अन्य योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत के द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु कार्य स्थल पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा (दर) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.07.2021 से 25.07.2021 तक कार्यालय ग्राम पंचायत **राजेपुर** में अपराह्न 4:00 बजे तक निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 26.07.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे कोविड प्रोटोकाल के अनुसार निविदा खोली जायेगी।

| क्रमांक | सामग्री | ल0/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | बोरंग बालू | प्रति घन मीटर | |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर | |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 35 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 6. | ईंट गिट्टी 20 एम0एम0 से लेकर 40 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 8. | ह्यूम पाईप 350 एम0एम0 (एन0पी0पी0) | प्रति नग | |
| 9. | ह्यूम पाईप 600/900 एम0एम0 | प्रति नग | |
| 10. | सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 11. | इण्टरलाकिंग ईंट | प्रति हजार | |
| 12. | टाइल्स | प्रति नग | |
| 13 | पत्थर, पटिया विभिन्न साईज | प्रति नग | |
| 14. | इण्डिया मार्का – 2 हैण्डपाईप मरम्मत सामग्री | प्रति नग | |
| 15. | शौचालय सामग्री दरवाजा सहित | प्रति नग | |
| 16. | सफाई कर्मी कीट (झाडू, कूड़ा गाड़ी, फावड़ा आदि) | प्रति नग | |
| 17. | सेनिटाइजेशन किट (स्प्रिगलर, ब्लीचिंग पाउडर सोडियम हाइपोक्लोराइड आदि) | प्रति नग | |
| 18. | पल्स आक्सीमीटर/थर्मल स्कैनर/पी0ए0एस0 | प्रति नग | |

**नियम व शर्तें**

1. आपूर्ति हेतु सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात सूचित की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर ही की जायेगी। 3. सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है। 4. सामग्री का आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूर्ति के पश्चात अवर अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता प्रमाणित करने व मापांकन प्रस्तुत करने के बाद ही भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। 7. प्रस्तुत दर पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक न हो। 8. सामाग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 9. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने पर भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 10. निविदा बिना कारण बताये व किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान /सचिव (ग्रा0पं0) का होगा।

कलावती
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत राजेपुर
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

राम अवध यादव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत राजेपुर
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत चक मोहम्मद उर्फ पूरेसूदी
## विकास खण्ड-फुलपुर, जनपद-प्रयागराज

पत्रांक– मेमो/अ0नि0/2021–22 **दिनांकः 20/07/2021**

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन व अन्य योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत के द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु कार्य स्थल पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा (दर) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.07.2021 से 25.07.2021 तक कार्यालय ग्राम पंचायत चक मो. उर्फ पूरेसूदी में अपराह्न 3:00 बजे तक निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 26.07.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे कोविड प्रोटोकाल के अनुसार निविदा खोली जायेगी।

| क्रमांक | सामग्री | ल0/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | बोरंग बालू | प्रति घन मीटर | |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर | |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 35 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 6. | ईंट गिट्टी 20 एम0एम0 से लेकर 40 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 8. | ह्यूम पाईप 350 एम0एम0 (एन0पी0पी0) | प्रति नग | |
| 9. | ह्यूम पाईप 600/900 एम0एम0 | प्रति नग | |
| 10. | सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 11. | इण्टरलाकिंग ईंट | प्रति हजार | |
| 12. | टाइल्स | प्रति नग | |
| 13 | पत्थर, पटिया विभिन्न साईज | प्रति नग | |
| 14. | इण्डिया मार्का – 2 हैण्डपाईप मरम्मत सामग्री | प्रति नग | |
| 15. | शौचालय सामग्री दरवाजा सहित | प्रति नग | |
| 16. | सफाई कर्मी कीट (झाडू, कूड़ा गाड़ी, फावड़ा आदि) | प्रति नग | |
| 17. | सेनिटाइजेशन किट (स्प्रिगलर, ब्लीचिंग पाउडर सोडियम हाइपोक्लोराइड आदि) | प्रति नग | |
| 18. | पल्स आक्सीमीटर/थर्मल स्कैनर/पी0ए0एस0 | प्रति नग | |

**नियम व शर्तें**

1. आपूर्ति हेतु सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात सूचित की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर ही की जायेगी। 3. सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है। 4. सामग्री का आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूर्ति के पश्चात अवर अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता प्रमाणित करने व मापांकन प्रस्तुत करने के बाद ही भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। 7. प्रस्तुत दर पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक न हो। 8. सामाग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 9. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने पर भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 10. निविदा बिना कारण बताये व किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान /सचिव (ग्रा0पं0) का होगा।

अमित कुमार
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत चक मोहम्मद उर्फ पूरेसूदी
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

रेनू
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चक मोहम्मद उर्फ पूरेसूदी
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत अरवासी मय बहादुगढ़
## विकास खण्ड-फुलपुर, जनपद-प्रयागराज

पत्रांक– मेमो/अ0नि0/2021–22 **दिनांकः 20/07/2021**

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन व अन्य योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत के द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु कार्य स्थल पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा (दर) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.07.2021 से 25.07.2021 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अरवासी मय बहादुगढ़ में 5:00 बजे तक निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 26.07.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे कोविड प्रोटोकाल के अनुसार निविदा खोली जायेगी।

| क्रमांक | सामग्री | ल0/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | बोरंग बालू | प्रति घन मीटर | |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर | |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 35 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 6. | ईंट गिट्टी 20 एम0एम0 से लेकर 40 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 8. | ह्यूम पाईप 350 एम0एम0 (एन0पी0पी0) | प्रति नग | |
| 9. | ह्यूम पाईप 600/900 एम0एम0 | प्रति नग | |
| 10. | सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 11. | इण्टरलाकिंग ईंट | प्रति हजार | |
| 12. | टाइल्स | प्रति नग | |
| 13 | पत्थर, पटिया विभिन्न साईज | प्रति नग | |
| 14. | इण्डिया मार्का – 2 हैण्डपाईप मरम्मत सामग्री | प्रति नग | |
| 15. | शौचालय सामग्री दरवाजा सहित | प्रति नग | |
| 16. | सफाई कर्मी कीट (झाडू, कूड़ा गाड़ी, फावड़ा आदि) | प्रति नग | |
| 17. | सेनिटाइजेशन किट (स्प्रिगलर, ब्लीचिंग पाउडर सोडियम हाइपोक्लोराइड आदि) | प्रति नग | |
| 18. | पल्स आक्सीमीटर/थर्मल स्कैनर/पी0ए0एस0 | प्रति नग | |

**नियम व शर्तें**

1. आपूर्ति हेतु सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात सूचित की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर ही की जायेगी। 3. सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है। 4. सामग्री का आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूर्ति के पश्चात अवर अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता प्रमाणित करने व मापांकन प्रस्तुत करने के बाद ही भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। 7. प्रस्तुत दर पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक न हो। 8. सामाग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 9. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने पर भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 10. निविदा बिना कारण बताये व किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान /सचिव (ग्रा0पं0) का होगा।

इन्द्राज सिंह चौहान
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत अरवासी मय बहादुग
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

रेनू
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अरवासी मय बहादुग
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत परासिनपुर
## विकास खण्ड-फुलपुर, जनपद-प्रयागराज

पत्रांक– मेमो/अ0नि0/2021–22 **दिनांकः 20/07/2021**

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन व अन्य योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत के द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु कार्य स्थल पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा (दर) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.07.2021 से 25.07.2021 तक कार्यालय ग्राम पंचायत परासिनपुर में अपराह्न 4:00 बजे तक निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 26.07.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे कोविड प्रोटोकाल के अनुसार निविदा खोली जायेगी।

| क्रमांक | सामग्री | ल0/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | बोरंग बालू | प्रति घन मीटर | |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर | |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 35 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 6. | ईंट गिट्टी 20 एम0एम0 से लेकर 40 एम0एम0 तक | प्रति घन मीटर | |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 8. | ह्यूम पाईप 350 एम0एम0 (एन0पी0पी0) | प्रति नग | |
| 9. | ह्यूम पाईप 600/900 एम0एम0 | प्रति नग | |
| 10. | सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 11. | इण्टरलाकिंग ईंट | प्रति हजार | |
| 12. | टाइल्स | प्रति नग | |
| 13 | पत्थर, पटिया विभिन्न साईज | प्रति नग | |
| 14. | इण्डिया मार्का – 2 हैण्डपाईप मरम्मत सामग्री | प्रति नग | |
| 15. | शौचालय सामग्री दरवाजा सहित | प्रति नग | |
| 16. | सफाई कर्मी कीट (झाडू, कूड़ा गाड़ी, फावड़ा आदि) | प्रति नग | |
| 17. | सेनिटाइजेशन किट (स्प्रिगलर, ब्लीचिंग पाउडर सोडियम हाइपोक्लोराइड आदि) | प्रति नग | |
| 18. | पल्स आक्सीमीटर/थर्मल स्कैनर/पी0ए0एस0 | प्रति नग | |

**नियम व शर्तें**

1. आपूर्ति हेतु सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात सूचित की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर ही की जायेगी। 3. सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है। 4. सामग्री का आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूर्ति के पश्चात अवर अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता प्रमाणित करने व मापांकन प्रस्तुत करने के बाद ही भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। 7. प्रस्तुत दर पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक न हो। 8. सामाग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 9. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने पर भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 10. निविदा बिना कारण बताये व किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान /सचिव (ग्रा0पं0) का होगा।

पुष्पा देवी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत परासिनपुर
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

रेनू
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत परासिनपुर
विकास खण्ड-फुलपुर, प्रयागराज

# बकरीद पर शहर भर की मस्जिदों मे ईद उल अजहा की नमाज आज

## 50 से अधिक लोगों के प्रवेश की अनुमति नहीं

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** ईद उल अजहा पर बुधवार को कोविड प्रोटोकॉल के बीच शहर की मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की जाएगी। कुर्बानी के त्योहार पर मंगलवार की देर शाम तक चौक, नखासकोहना, करेलाबाग समेत कई इलाकों में बकरों की खरीद होती रही। उधर, इंतजामियां कमेटियों की ओर से सैनिटाइजेशन और साफ-सफाई के साथ मस्जिदों में भी बकरीद की नमाज की तैयारियां पूरी कर ली गईं। इस बार मस्जिदों में एक साथ 50 लोग ही नमाज अदा कर सकेंगे। मुस्लिम धर्म गुरुओं ने पर्व पर कोविड प्रोटोकाल का सख्ती से पालन करने की अपील की है। बकरीद पर शहर भर की मस्जिदों मे ईद उल अजहा की विशेष नमाज की तैयारी कर ली गई है। कोविड गाइड लाइन के नियमानुसार मस्जिदों में सिर्फ 50 लोगों को ही नमाज के लिए प्रवेश मिल सकेगा।

इंतेजामकारों ने लोगों से अपील की है कि करीब के लोग ही मस्जिदों में आएं, बाकी लोग अपने अपने घरों में ही नमाज का एहतेमाम करें। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी लोगों से घरों में ही ईद-ए-कुरबां की नमाज अदा करने की अपील की है, ताकि मस्जिदों में अधिक भीड़ न लगने पाए। इसी के साथ अलग-अलग मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज के लिए समय भी तय कर दिया गया है।

करैली के बैतुस्सलात में सुबह सात बजे मौलाना नैय्यर रिजवी नमाज अदा कराएंगे। इसी तरह मस्जिद गदा हुसैन खां में सुबह आठ बजे मौलाना जाबिर अब्बास, मस्जिद-ए- मोहम्मदी करैली लेबर चौराहा में सुबह 8:30 बजे मौलाना वसी हैदर नमाज अदा कराएंगे। मदरसा जमीयतुल अब्बास करैली वीआईपी कालोनी में सुबह नौ बजे मौलाना सैयद कल्बे अब्बास रिजवी नमाज अदा कराएंगे।

इसके अलावा मस्जिद-ए-खदीजा करैली में सुबह 9:30 बजे, मस्जिद काजी बख्शी बाजार में सुबह 9:30बजे, मस्जिदे नूर दायरा शाह अजमल में सुबह 9:30 बजे बकरीद की नमाज होगी। इसी तरह शिया जामा मस्जिद चक मानसरोवर में सुबह 10 बजे इमाम-ए-जुमा सैयद हसन रजा जैदी की कयादत में ईद- उल -अजहा की नमाज अदा की जाएगी। मस्जिद गदा हुसैन के मुतवल्ली आफताब हैदर, मस्जिद काजी साहब के मुतवल्ली शाहरुक काजी, मस्जिद-ए-मोहम्मदी के मुतवल्ली इतरत नकवी, मस्जिद-ए-खदीजा के मुतवल्ली हसन आमिर, मस्जिद-ए-नूर के मुतवल्ली आगा अली कासिम समेत अन्य मस्जिदों के पेश इमाम व इंतेजामकारों ने नमाज-ए- ईद उल अजहा की तैयारी मुकम्मल करते हुए मास्क और सैनिटाइजेशन के बाद ही मस्जिदों में लोगों को प्रवेश कराने की बात कह। उलेमाओं ने बुजुर्गों और छोटे बच्चों को मस्जिद में न लाने का भी आग्रह किया है।

## करछना तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत, दफ्तरों में बंद कराए ताले

अखंड भारत संदेश



**करछना।** तहसील करछना के अधिवक्ता मंगलवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे और तहसील के सभी कार्यालयों में तालाबंदी की गई अधिवक्ताओं ने मंगलवार को सुबह 11 बजे एसडीएम कोर्ट एवं तहसीलदार कोर्ट के साथ सप्लाई दफ्तर, रजिस्ट्रार कानूनगो दफ्तर, खतौनी कार्यालय को बंद करा दिए । बार एसोसिएशन के महामंत्री हंसराज सिंह ने कहा कि जब तक अधिवक्ताओं की मांगों को नहीं माना जाता है और तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया जाता है तब तक अधिवक्ता लामबंद होकर न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे । और दफ्तरों को बंद कराकर अपनी मांगों को उठाते रहेंगे इस दौरान रमेश द्विवेदी, राकेश शुक्ला , डीआर सिंह , एम पी सिंह, कृष्ण राज सिंह, आशुतोष सिंह ,सीपी सिंह ,अवतार किशन सिंह ,अमित सिंह ,इंद्रमणि सिंह सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## इंद्रनाथ मिश्रा ने ली शपथ

### तीसरी बार बनें कौधियारा ब्लाक प्रमुख शपथग्रहण समारोह के उपरांत पंचायत सदस्यों, प्रधानो एवं क्षेत्र की जनता का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया

अखंड भारत संदेश

**करछना/कौधियारा।** समाजवादी पार्टी से जिले के एकमात्र निर्विरोध प्रत्याशी इंद्रनाथ मिश्रा ने तीसरी बार प्रमुख पद की शपथ ली। उनको प्रमुख पद की शपथ सहायक निबंधक सहकारिता प्रमोद वीर आर्य ने दिलायी। इस अवसर पर मंच पर बारा विधायक प्रतिनिधि के रुप में



अशोक दुबे, पूर्व प्रमुख अनू मिश्रा, पूर्व जिलापंचायत सदस्य विष्णुकांत शुक्ल, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमशंकर पाण्डेय ने किया। मंच पर अपने संबोधन में इंद्रनाथ मिश्रा ने कहा कि मेरे निर्विरोध निर्वाचन का श्रेय समस्त क्षेत्रपंचायत सदस्यों एवं कुं राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह के मार्गदर्शन का रहा है। वास्तव में यहां न किसी की हार हुई है और न जीत हुई है। बस एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया का निर्वहन हुआ है मैं यहां निष्पक्ष होकर हमेंशा सभी वर्ग के लोगों का कार्य करने के लिए तत्पर रहूंगा। और सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों के कंधे से कंधा मिलाकर कौधियारा को आदर्श ब्लाक बनाने के लिए कार्य करूंगा। मंच से संबोधित करने वाले अन्य वक्ताओं में ब्रजेश पाण्डेय पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष, आस्था मिश्रा क्षेत्रपंचायत सदस्य, रामधनी पाठक, लक्ष्मी नारायण मिश्र, रामानंद यादव, कृष्णा नंद शुक्ल संतोष समर्थ शिक्षक एवं कवि आदि ने संबोधित किया। संचालन शोभनाथ शुक्ल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से समरबहादुर सिंह, बलराम मिश्रा, बनने सिंह, बबिता आदिवासी, अनिलेश मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

## जसरा में ब्लाक प्रमुख को आईएएस/एसडीएम बारा ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

अखंड भारत संदेश

**जसरा/प्रयागराज।** विकास खंड जसरा के क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें आईएएस/ उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरु रानी ने विधि द्वारा निर्मित पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एसडीएम बारा द्वारा ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह को बारह बजे दिन में शपथ दिलाने के बाद उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रमुख जसरा ने शपथ दिलाया। शपथ ग्रहण समारोह में सभी धर्म व जाति के लोग उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के बाद समाजवादी पार्टी से जुड़े दर्जनों कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारियों ने पप्पू सिंह को प्रमुख बनने की बधाई दिया। नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने पूरे जसरा ब्लॉक में आने वाले गांवों में विकास की गंगा बहाने को कहा। उन्होंने कहा कि विकास खंड जसरा के 63 गांव को वह पांच वर्ष के कार्यकाल में एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने का कार्य करूंगा। हमारा प्रयास होगा कि हमारे पास से कोई गरीब व बेसहारा निराश होकर न लौटे। बाद में प्रमुख ने उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आनंद जायसवाल ने किया।

इस अवसर पर पूर्व प्रमुख मुस्ताक अहमद सिद्दीकी, रामगणेश पाठक, हरीराम त्रिपाठी, रविन्द्र सिंह, रामकृष्ण सिंह,रतन केसरवानी,घनश्याम कोटार, भागीरथी बिंद,श्रीकांत यादव, कमलाकर सिंह, जय सिंह यादव, शिव नारायण मिश्र,राजा भइया,एडीओपी प्रेमदास, राकेश सिंह, श्यामा कान्त मिश्र,बीरेन्द्र शास्त्री, मुकेश सिंह चामू,अनिल शुक्ल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



### तीन बजे शुरू हुई क्षेत्र पंचायत की पहली बैठक

एडीओ पंचायत प्रेमदास ने नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह को पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाया। उसके बाद क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रमुख ने कहा कि आप सबके मार्गदर्शन से यह मिनी सदन चलेगा। आप सबके सुझाव से ही जसरा ब्लॉक की दशा और दिशा बदल सकेगी। बैठक में एडीओ सहकारिता राकेश सिंह, जेई आर ईएस राकेश कुमार,छोटू केसरवानी,मेलाराम के अलावा सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य गण उपस्थित रहे।



### महिलाओं ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

शपथ ग्रहण होने के बाद क्षेत्र पंचायत सदस्य रहीं महिलाओं ने पहली बैठक के लिए इस बार बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। महिला सदस्यों ने प्रमुख के उज्वल भविष्य की कामना किया।

### पच्चीस साल बाद मिला सरकारी चकमार्ग

**लालापुर/बारा।** क्षेत्र के बांकीपुर गांव में पच्चीस वर्ष से सरकारी रास्ते के लिए ग्रामीण ज.िलाधिकारी व तहसील के चक्कर लगा रहे थे पर किसी अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण नहीं किया। उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी के आदेश पर सोमवार को राजस्व निरीक्षक संतोष राम यादव लेखपाल संतोष मिश्र,मंजेश,विनय कुमार,राम शिरोमणि शुक्ल,संजय कुमार बारा थाना की पुलिसबल के साथ पहुंचे।काली सड़क से गांव को जोड़ने वाला सम्पर्क मार्ग जो दबंगों के कब्जे में था को नाप कर अलग कर दिया गया जिसमें ग्राम प्रधान द्वारा मिट्टी भी डालकर रास्ते को बना दिया गया।रास्ता बनने से ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी बारा को धन्यवाद दिया।

## फूलपुर के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित : विपेन्द्र सिंह पटेल

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** फूलपुर के प्रत्येक गांव में विकास का सपना लेकर आपके बीच में आया हूं। बिना किसी भेदभाव के सामान्य रूप से सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विकास निधि दी जाएगी।

उक्त बातें फूलपुर विकास खण्ड के नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही। उपजिलाधिकारी फूलपुर युवराज सिंह ने ब्लाक प्रमुख सहित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रयागराज जनपद के प्रभारी लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि भाजपा सरकार में ही सभी का हित निहित है। वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री एवं पूर्व मेयर अनामिका चौधरी ने कहा कि भाजपा सब का साथ सब का विकास की विचारधारा पर कार्य करने वाली पार्टी है। जब से सत्ता में आई है तभी से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री होगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में काम कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज डाक्टर बी के सिंह ने कहा कि गांवों का समुचित विकास उनके एवं ब्लाक प्रमुख की प्राथमिकताओं में से है। फूलपुर क्षेत्र के विकास के लिए मैं कदम से कदम मिलाकर चलूंगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख विपेंदर सिंह पटेल को बधाई देते हुए कहा कि फूलपुर विकास खण्ड को अच्छा ब्लाक प्रमुख मिला है।

इससे सभी गांवों का समुचित विकास होगा। भाजपा के गंगापार जिलाध्यक्ष अश्वनी दिवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार गांवों के बिकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें धन की कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पूर्ण बहुमत में फिर से प्रदेश में सरकार बनाएगी। खण्ड विकास अधिकारी कविता तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन मौजी लाल रावत एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत गुलाब चंद्र पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अमरनाथ त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी श्याम बाबू गुप्ता,जेई आर एस सच्चिदा नंद पटेल,धर्मेंद्र शुक्ला, राम सिंह पटेल,ज्ञानेंद्र सिंह पटेल,अर्जुन सिंह,समर बाहदुर पटेल,मंसूर अहमद,देवा गुप्ता,रंजीत गुप्ता, जय कुमार,प्यारे लाल, मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता, गायक विकास मिश्रा, अजीत सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान, एवं समर्थक मौजूद रहे।

### उपजिलाधिकारी फूलपुर ने पद व गोपनीयता की दिलाई शपथ




## सरोज द्विवेदी शपथ लेकर बनी ब्लाक प्रमुख करछना

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड करछना के सभागार में आयोजित शपथग्रहण समारोह में मंगलवार दोपहर विधायक करछना उज्वल रमण सिंह की उपस्थिति में सपा समर्थित निर्वाचित ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी को उपजिलाअधिकारी करछना विनोद कुमार पाण्डेय ने गोपनीयता की शपथ दिलाई, उनके साथ ब्लाक के सभी 118 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी एक साथ शपथग्रहण कराया गया । शपथग्रहण समारोह के उपरांत प्रमुख सरोज द्विवेदी ने उपस्थित प्रधानो क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जनता-जनार्दन का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया ।

कार्य भार संभालते प्रमुख सरोज द्विवेदी ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक कर गांवो में कराए जाने वाले विकास कार्यों से समबन्धित कार्य योजना के अंतर्गत करोडों रुपये की लागत से निर्माण कार्य में नाली, खडंजा, काली सड़क, आर सी सी, इंटर लॉकिंग, पेयजल से समबन्धित प्रस्ताव की मंजूरी दी ।शपथग्रहण समारोह में उपस्थित प्रमुख लोगों में पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह उर्फ राजू, गजेंदर तिवारी, डीआर सिंह, कमलेश द्विवेदी, मिथिलेश द्विवेदी, प्रधान निर्मल कुमार सिंह, हिमान्शु सिंह, संदीप यादव, धीतेश तिवारी, रमेश मिश्रा, शाहवाज हक, अल्प नरायन सिंह, मनीष शुक्ला, वीडियो नवीन गुप्ता, दीपू सिंह मुगारी, विजय शंकर तिवारी, विकास सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।



## नवसृजित ब्लाक सहसों, विकास में कमी नहीं रहने पाएगी : लक्ष्मण आचार्य

### नवसृजित ब्लॉक सहसों की प्रथम ब्लाक प्रमुख गीता सिंह ने लिया शपथ ग्रहण



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** नवसृजित विकास खण्ड सहसों की नवनिर्वाचित प्रथम ब्लाक प्रमुख गीता सिंह का शपथ ग्रहण समारोह ब्लॉक परिसर में मंगलवार को आयोजित हुआ।

ब्लाक प्रमुख को जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार ने शपथ ग्रहण कराया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य ने कहा नवसृजित ब्लॉक सहसों के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी। उन्होंने ब्लाक प्रमुख सहित अन्य अधिकारियों से कहा कि जितने भी प्रस्ताव विकास से संबंधित भेजा जाएगा उसे पूर्ण कराने का प्रयास किया जाए। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने कहा नवसृजित ब्लॉक सहसों के चहुंमुखी विकास के लिए सतत प्रयास करते हुए इससे संबंधित गांव में विकास को एक नई गति मिलेगी जिसे हम सब के प्रयास से पूर्ण किया जाएगा।

नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख गीता सिंह ने कहा यह हमारा सौभाग्य है कि मैं नवसृजित विकास खण्ड सहसों की प्रथम ब्लाक प्रमुख हूं और संबंधित सभी गांव में विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। क्षेत्र पंचायत प्रमुख के अतिरिक्त सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण लिया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अमरनाथ तिवारी, भाजपा नेता वीरेंद्र बहादुर सिंह, समाज सेवी शिव नारायण सिंह गप्पू , मंडल अध्यक्ष सहसों अनिल कुमार सरोज, मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला, वरिष्ठ कार्यकर्ता गुलाब त्रिपाठी, संदीप दुबे, प्रभारी वीडियो निखिल मोहन, प्रताप बहादुर सिंह सहित ब्लॉक के कर्मचारी गंण आदि रहे।

## शंकरगढ़ में प्रमुख निर्मला देवी ने संभाली कमान

### डीसी मनरेगा ने दिलाई शपथ, अब क्षेत्र के विकास की बारी:दीपक पटेल





अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** मंगलवार को जनपद के नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुखों को शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा नामित अधिकारियों ने शपथ दिलाई। विकास खंड शंकरगढ़ में भाजपा समर्थित प्रमुख निर्मला देवी ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। विकास खंड कार्यालय शंकरगढ़ परिसर में मंगलवार को नवनिर्वाचित प्रमुख निर्मला देवी और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। निर्मला देवी को डीसी मनरेगा कपिल कुमार और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को खंड विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार ओझा ने शपथ दिलाई।

समारोह के चीफ गेस्ट बारा विधायक डा. अजय कुमार ने प्रमुख को बधाई दी। कहा कि अब विकास की बारी है। वह क्षेत्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराएं। समारोह के अतिथि पूर्व विधायक दीपक पटेल ने भी ब्लाक प्रमुख को जीत की बधाई दी। कहा कि निर्मला देवी ने ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज की। वह बधाई की पात्र हैं। कहा कि जननी और जन्मभूमि से लगाव कभी कम नहीं होता। मेरा भी शंकरगढ़ से यही नाता है और यह अनवरत प्रगाढ़ होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रमुख अब बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का और क्षेत्रवासियों का विकास करें। भाजपा की भी यही नीति और रीति है।

शपथ ग्रहण समारोह में जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, एडीओ पंचायत दीपेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अंजनीलाल, कुलदीप सिंह, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, सभासद सुधा गुप्ता, विजय शंकर शुक्ल,कुंजन लाल मिश्र, प्रधान पुष्पराज सिंह, शैलेंद्र सिंह, गुलाब सिंह, मंगलेश सिंह, परमेश्वर सिंह,कामता सिंह, सुभाष, महेश सिंह, पूर्व प्रमुख गुलाब कली,विजय शंकर शुक्ला, डा. शैलेंद्र सिंह, बृजेश सिंह, दुदुन त्रिपाठी, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, सार्थक गुप्ता, अखिलेश सिंह, शारदा तिवारी, वीरेंद्र पांडेय, अश्विनी सिंह, चंद्रबली सिंह, मीडिया प्रभारी विजय पटेल, सुजीत केसरवानी,सतीश कुमार विश्वकर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी राजेंद्र कुमार मौर्य, प्रेमचंद्र, गौरीशंकर, आशीष सिंह, चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।

## राज मिस्त्री ने फांसी लगाकर दी जान

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के बेलवट में एक राज मिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के पूरा पांडेय ग्राम सभा के अंतर्गत बेलवट मजरा निवासी राममिलन (45) पुत्र बच्चा लाल निषाद राज मिस्त्री का काम करता था। बताया जाता है कि बीते कई दिनों से वह किसी बात को लेकर परेशान चल रहा था। सोमवार रात भोजन आदि करने के बाद वह अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। जब सुबह उसका कमरा नहीं खुला तो परिजनों ने बाहर से आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रक्रिया नहीं मिला तो खिड़की से देखें तो वह फांसी के फंदे पर झूल रहा था। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद बंद दरवाजे को खोला गया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

# मेजा ब्लाक प्रमुख गायत्री मिश्रा एंव क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

## नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख के साथ 99 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई....

**अखण्ड भारत सन्देश**

सिरसा/मेजा :-प्रयागराज मेजा नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख मेजा गायत्री मिश्रा एवं 99 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उप जिलाधिकारी मेजा रेनू सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंगलवार को मेजा रोड स्थित है मोहन गार्डन गेस्ट हाउस में ब्लाक प्रमुख एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में उप जिलाधिकारी मेजा रेनू सिंह ने पहले नव निर्वाचित प्रमुख गायत्री मिश्रा को शपथ दिलाई इसके पश्चात उपस्थित कुल 99 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई। इससे पूर्व नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख गायत्री मिश्रा को खंड विकास अधिकारी सपना अवस्थी,उपजिलाधिकारी मेजा रेनू सिंह ने बुके देकर स्वागत किया, वहीं ब्लाक प्रमुख ने बीडीओ व एस डी एम को शाल भेंट कर स्वागत किया।ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने मुख्य अतिथि विधायक कोरांव राजमणि कोल व अन्य अतिथियों का बुके व अंग वस्त्रम देकर स्वागत किया।




?मुख्य कार्यकर्ताओं,क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों ने ब्लाक प्रमुख गायत्री मिश्रा को माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक कलाकार तिवारी बंधुओं व अंजली उर्वशी ने गीतो के माध्यम से स्वागत किया।तत्पश्चात समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बीडीओ सपना अवस्थी ने औपचारिक बैठक के माध्यम से योजनाओं व समितियों के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेंद्र पांडेय, प्रभाशकर पांडेय,पूर्व विधायक कलेक्टर पांडेय,शिवदत्त पटेल,संतप्रसाद पांडेय,स्वतंत्र मिश्र,मुनन्न शुक्ल,जयशंकर पांडेय,मांडवी शरण द्विवेदी,अश्विनी जैन,गोविंद मिश्र,अमरेश तिवारी, भगवान दास प्रजापति,संजय केशरी,सुशील मिश्र,रूपनारायण मिश्र,राजा पांडेय,संजय तिवारी ,कमलेश पांडेय,उमाकांत पांडेय,जयशंकर पांडेय,गांधी, विवेक मिश्र, आशु मिश्र,नित्यानंद उपाध्याय,कामेश्वर पटेल,ओंकार नाथ केशरी,नाथू गुप्ता ने संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन प्रधान अनिल शुक्ला और भाजपा नेता सुशील मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।अंत में प्रमुख के प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने सभी आगंतुको का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ठसबका साथ सबका विकासठ के तर्ज पर मेजा क्षेत्र का विकास होगा विकास के प्रति किसी के साथ भेद-भाव नही होगा इसके बाद सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।




# ब्लाक प्रमुख कोरांव और बीडीसी सदस्यों ने ली शपथ

## एसडीएम कोराव ने दिलाई शपथ, एम् एल सी मान सिंह यादव रहे मुख्य अतिथि

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** कोरांव ब्लाक प्रमुख पद पर निर्वाचित सपा के मुकेश कुमार कोल को 20जुलाई को उप जिलाधिकारी कोरांव अभिनव कनोजिया ने पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात प्रमुख ने सदस्यों को शपथ दिलाई। इसके बाद ब्लाक की नई गठित सरकार ने समिति की पहली बैठक आयोजित कर नए कार्य योजनाओं का प्रस्ताव लिए और समितियों का गठन किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक मानसिंह यादव झांसी इलाहाबाद निर्वाचन छेत्र ने शपथ एवम अभिनन्दन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार में जुल्म ज्यादती और सरहंगई मनमानी

पर खिंचाई की। और प्रमुख को जिताने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी 2022 के विधान सभा चुनाव में तन्मयता पूर्वक जुट जाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख जेपी सिंह पटेल एडवोकेट,निवर्तमान ब्लाक प्रमुख राम अवध कुशवाहा,सपा विधान सभा अध्यक्ष ओपी कुशवाहा,इंद्र दमन सिंह, भूतिन्या,उमाशंकर सिंह,ललुन सिंह पटेल प्रधान लेंरियारी मनिक लाल सिंह प्रधान अल्हवा शहजादे, पैतिहा सद्दाम,सहित तमाम प्रधान बिडिसी मेंबर ने हिस्सा लिया। और तमाम वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए और सभी ने मुख्य अतिथि व प्रमुख का माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात समिति की पहली बैठक आहूत की गई। और कार्य योजना तैयार की गई। जिसमें खंड विकास अधिकारी रमा शंकर सिंह,सहायक विकास अधिकारी पंचायत आर0 एस 0यादव,ब्लाक के अवर अभियंता आदि अफसर कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राव वीरेंद्र सिंह एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर कोरांव सुरेश सिंह दलबल के साथ शांति व्यवस्था हेतु मौजूद रहे।

# क्षेत्र पंचायत के विकास में ब्लॉक प्रमुख का विशेष योगदान : डॉ.बीके सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** क्षेत्र पंचायत प्रतापपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैलेश यादव को ब्लॉक प्रांगण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी ने उन्हें पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई।इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीके सिंह मुख्य अतिथि रहे।



समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री तथा कर्मठ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास का कारवा चल रहा है।चतुर्मुखी विकास विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास पहुँच रहा है।उन्होंने कहा क्षेत्र पंचायत का ब्लॉक के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है।काशी प्रान्त के उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा यह ऐतिहासिक क्षण है कि आजादी के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी का पहला ब्लॉक प्रमुख चुना गया है।ब्लॉक प्रमुख शैलेश यादव और सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए टीम भावना के साथ-साथ प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का संकल्प सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर विकास करने का आह्वान किया।इसके बाद 112 क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक कर कार्य योजना तैयार की गई।समारोह की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी मृदुला सिंह एवं संचालन हौसिला प्रसाद मिश्रा ने किया।इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्याम विहारी पांडेय,भाजपा कार्यसमिति सदस्य सभाजीत मिश्रा, सूर्या यादव आईटी सेल, पंडित विजय शर्मा, विंटू सिंह, हरिभूषण सिंह, एडीओ पंचायत राजबहादुर सिंह, अरुण यादव, मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, संजय बनकटा, नन्हे मिश्रा, संतोष मिश्रा, अखिलेश सिंह मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने दी बीईओ को विदाई, तीन वर्ष के कार्यकाल को सराहा

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** विकास खंड शंकरगढ़ की खंड शिक्षाधिकारी प्रीति सिंह को विदाई दी गई। कंपोजिट विद्यालय नीबी में आयोजित विदाई समारोह में शिक्षकों ने उनके तीन वर्ष के कार्यकाल की सराहना की। कहा कि जनपद मुख्यालय से दूर, बीहड़ इलाके में नौकरी करना हर किसी की क्षमता के बाहर है। बावजूद इसके उन्होंने यहां रहकर सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने उन्हे फूल मालाओं से लाद दिया और अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह भेंटकर सुखद भविष्य की कामना की।उत्तर प्रदेशीय संघ के मंत्री डा. चंद्रशेखर यादव ने खंड शिक्षाधिकारी के सफल कार्यकाल की सराहना की। कहा कि



इस दुरुह क्षेत्र में तीन वर्ष तक लगातार नौकरी करना और प्राथमिक शिक्षा को नया आयाम प्रदान करना हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने उनके वाराणसी ट्रांसफर होने पर शुभकामनाएं दी। कोषाध्यक्ष अशोक कुमार और संघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष संध्या यादव ने भी बीईओ के कार्यकाल को सराहा। संध्या यादव ने कहा कि बीईओ प्रीति सिंह नारी सशक्तिकरण की प्रतीक हैं। पूरे कार्यकाल के दौरान वह सभी शिक्षकोंसे हमेशा जुड़ी रहीं और उनका समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर विजय सिंह, अमित, अनिल, ऋतु कपूर, वंदना समेत दर्जनों शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# महेंद्र प्रताप सिंह ने हंडिया ब्लॉक प्रमुख पद की ली शपथ, उप जिलाधिकारी रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**हंडिया।** हंडिया ब्लाक के नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख एवं नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह ब्लाक परिसर हडि़या में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी जयनारायण सिंह ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मुनन को शपथ दिलाई, तत्पश्चात नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख ने एक-एक करके सभी नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाया। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख एवं नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर लोगों ने स्वागत किया। शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर चेयरमैन जिला सहकारी फेडरेशन लि0 प्रेमकुमार सिंह उर्फ लल्ले सिंह ने आये हुए और सहयोग में तत्पर रहे लोगों को बधाई दी। शपथग्रहण समारोह में सीओ संतोष कुमार सिंह, विश्व हिन्दू जागरण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष बिपुल सिंह, बीडीओ राजबहादुर यादव, एबीएसए ममता सरकार, पूर्व ब्लाक प्रमुख सैदाबाद प्रमोद त्रिपाठी उफ बुलबुल, गुलाब मौर्या, दिनेश सिंह ललू, राहूल सिंह, दीपक सिंह, लैश बहादुर सिंह, पूर्व प्रधान अशोक कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाल ब्रजेश सिंह मय फोर्स मौके पर मौजूद रहे। संचालन पूर्व प्रधान पवन यादव ने किया।






## धनूपुर में नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख ने शपथ के दौरान क्षेत्र का विकास करने का लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**हंडिया।** धनूपुर ब्लाक परिसर में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य व ब्लाक प्रमुख का शपथ समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ त् जहां ब्लाक प्रमुख ज्योति यादव को समाज कल्याण अधिकारी व वीडियो धनूपुर श्रीमती मृदुला ने शपथ दिलाई। क्षेत्र के धनूपुर से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी ज्योति यादव ने वरिष्ठ नेताओं और सदस्यों के सामने ब्लाक प्रमुख का पद ग्रहण करते हुए कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता धनूपुर ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं समेत विकास कार्य करूंगी साथ ही महिला सुरक्षा और अन्य योजनाएं लाने का प्रयास करूंगी। वही समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की प्रवक्ता निधि यादव ने कहा कि धनूपुर ब्लाक ही नहीं बल्कि प्रयागराज उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की विकास की साइकिल चलाने वाली है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद एम.एलसी मानसिंह यादव जी रहे त् धर्मराज सिंह पूर्व सांसद फूलपुर, पूर्व विधायक प्रशांत सिंह (राहुल) डा. रिया सिंह, पंधारी यादव, रमाकांत विश्वकर्मी बंगाली नेता अध्यक्ष समाजवादी पार्टी हंण्डिया विधानसभा क्षेत्र से कई समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित वरिष्ठ नेताओं का जमावड़ा देखने को मिला।

# योगेश पांडेय ने लिया बहरिया ब्लॉक प्रमुख की शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**बहरिया।** ब्लॉक प्रमुख पद के लिए योगेश पांडेय को पद और गोपनीयता की शपथ जिला से भेजे गए नंदकिशोर याज्ञिक जिला विकलांग कल्याण अधिकारी ने दिलाई। इसी के साथ बहरिया विकासखंड के 115 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ ब्लाक प्रमुख बहरिया योगेश पांडेय ने दिलाई जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह ने किया।नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख योगेश पांडेय ने कहा कि इस क्षेत्र से हमारा बड़ा ही लगाव रहा है।बड़े भाई कुलदीप पांडे यहां के ब्लॉक प्रमुख रहे हैं।और काफी कुछ क्षेत्र में विकास किया गया है।शपथ के तुरंत बाद ही क्षेत्र में छूटे हुए अधूरे काम को



जल्द ही पूर्ण करने का काम करूंगा।शासन स्तर से दिए गए। सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का काम करूंगा जिस प्रकार क्षेत्र की जनता ने निर्दलीय प्रत्याशी होने के बावजूद ब्लॉक प्रमुख पद पर बैठाया है।निश्चित ही उनकी जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करूंगा कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई जहां पर स्वामी श्री आत्मानंद सरस्वती महाराज तारकेश्वर नासिक से चलकर आए थे।उन्होंने अपने वैदिक मंत्रोच्चार से कार्यक्रम की शुरुआत की जहां सैकड़ों क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी राजेश शुक्ला ने की इस कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख कुलदीप पांडेय शिवदत्त नारायण पांडेय एडीओ पंचायत के सी पांडेय गिरजा शंकर पांडेय राकेश शुक्ला आनंद मिश्रा प्रमोद कुमार आजाद शशिकांत यादव जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत सरोज जिला पंचायत सदस्य शान यदुवंशी राजेश प्रताप सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष बहरिया सौरभ सिंह रविंद्र प्रताप सिंह रवि कुमार मौर्या हरि ओम पूजा सिंह वीरेंद्र प्रताप जय कुशवाहा हरिश्चंद्र गिरी खंड शिक्षा अधिकारी सुशांत यादव पशु चिकित्सा अधिकारी बीपी मिश्रा जे ई आर ए एस अरुण कुमार त्रिपाठी प्रमोद कुमार सिंह के साथ साथ क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान एवं क्षेत्रीय ग्रामीण लोग मौजूद रहे।



## योगेश पांडेय ने लिया बहरिया ब्लाक प्रमुख की शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**बहरिया।** ब्लॉक प्रमुख पद के लिए योगेश पांडेय को पद और गोपनीयता की शपथ जिला से भेजे गए नंदकिशोर याज्ञिक जिला विकलांग कल्याण अधिकारी ने दिलाई। इसी के साथ बहरिया विकासखंड के 115 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ ब्लाक प्रमुख बहरिया योगेश पांडेय ने दिलाई जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह ने किया।नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख योगेश पांडेय ने कहा कि इस क्षेत्र से हमारा बड़ा ही लगाव रहा है।बड़े भाई कुलदीप पांडे यहां के ब्लॉक प्रमुख रहे हैं।और काफी कुछ क्षेत्र में विकास किया गया है।शपथ के तुरंत बाद ही क्षेत्र में छूटे हुए अधूरे काम को जल्द ही पूर्ण करने का काम करूंगा।शासन स्तर से दिए गए। सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का काम करूंगा जिस प्रकार क्षेत्र की जनता ने निर्दलीय प्रत्याशी होने के बावजूद ब्लॉक प्रमुख पद पर बैठाया है।निश्चित ही उनकी जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करूंगा कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई जहां पर स्वामी श्री आत्मानंद सरस्वती महाराज तारकेश्वर नासिक से चलकर आए थे।उन्होंने अपने वैदिक मंत्रोच्चार से कार्यक्रम की शुरुआत की जहां सैकड़ों क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी राजेश शुक्ला ने की इस कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख कुलदीप पांडेय शिवदत्त नारायण पांडेय एडीओ पंचायत के सी पांडेय गिरजा शंकर पांडेय राकेश शुक्ला आनंद मिश्रा प्रमोद कुमार आजाद शशिकांत यादव जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत सरोज जिला पंचायत सदस्य शान यदुवंशी राजेश प्रताप सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष बहरिया सौरभ सिंह रविंद्र प्रताप सिंह रवि कुमार मौर्या हरि ओम पूजा सिंह वीरेंद्र प्रताप जय कुशवाहा हरिश्चंद्र गिरी खंड शिक्षा अधिकारी सुशांत यादव पशु चिकित्सा अधिकारी बीपी मिश्रा जे ई आर ए एस अरुण कुमार त्रिपाठी प्रमोद कुमार सिंह के साथ साथ क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान एवं क्षेत्रीय ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## नवनिर्वाचि ब्लाक प्रमुख को दिलाई गई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** विकास खंड चाका में मंगलवार को नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख का शपथ ग्रहथ समारोह मंगलवार को सपंनन्न हुआ। इस मौके पर विधायक करछना समेत कई लोग मौजूद रहे। विकास खंड चाका के नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार सिंह पटेल को परियोजना प्रबंधक, प्रयागराज केके सिंह ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। इस मौके पर विधायक करछना उज्जवल रमण सिंह, एडीओ पंचायत श्याम लाल तिवारी, शिव यादव , विनय कुशवाहा समेत दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नवसृजित ब्लॉक श्रृंगवेरपुर धाम में प्रमुख बीडीसी सदस्यों को दिलाई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**श्रृंगवेरपुर।** श्रृंगवेरपुर धाम ब्लॉक में नवनिर्वाचित प्रमुख और बीडीसी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में अतिथियों के साथ क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे त् श्रृंगवेरपुर धाम में राष्ट्रीय रामायण मेला सेट में मंगलवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदीप तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी एवं विशिष्ट अतिथि प्रभा शंकर मिश्र महासचिव बार एसोसिएशन उच्च न्यायालय शामिल हुए श्रृंगवेरपुर सपा ब्लाक प्रमुख कल्पना पांडे को जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी जितेंद्र कुमार ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई इसके बाद ब्लाक प्रमुख कल्पना पांडे ने ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख पति मनोज पांडे पूर्व विधायक अंसार अहमद दूधनाथ पटेल पूर्व ब्लाक प्रमुख चौराहों संदीप यादव जीत लाल पासी आदिल हमजा राहुल पासी आदि तमाम लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में विकास खंड अधिकारी विकास शुक्ला श्रृंगवेरपुर ब्लॉक प्रभारी एडीओ कोआपरेटिव विमल यादव एडीओ पंचायत अनिल पाल एडीओ आईएसबी मोहम्मद इस्लाम ग्राम विकास अधिकारी सत्येंद्र सिंह और अनिल सिंह के साथ सुरक्षा के दृष्टिकोण से नवाबगंज इंस्पेक्टर योगेश प्रसाद चौकी इंचार्ज लालगोपालगंज धीरेंद्र सिंह चौकी प्रभारी श्रृंगवेरपुर दुर्गेश सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया

# सौहार्द पूर्ण रूप से मनाए बकरीद का त्योहारः एसपी यमुनापार

## नैनी कोतवाली में संपन्न हुई पीस कमेटी की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** कोतवाली परिसर में मंगलवार शाम को पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने मौजूद सक्षम अधिकारियों समक्ष अपनी अपनी बातों को रखा। जानकारी के मुताबिक बुधवार को बकरीद त्योहार का आयोजन होगा और इसके बाद आगामी दिनों में सावान पर्व की शुरुआत होगी। जिसको लेकर नैनी कोतवाली परिसर में पीस कमेटी बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। बैठक में मौजूद एडीएम फाइनेंस, एसपी यमुनापार सौरभ दिक्षित, सीओ करछना राजेश कुमार यादव व नैनी इंस्पेक्टर सुजीत कुमार दुबे मौजूद रहे। क्षेत्र से आए गणमान्य व्यक्तियों ने त्योहारों को लेकर अपनी-अपनी बातों को उक्त अधिकारियों के



समक्ष प्रस्तुत किए। वहीं एडीएम फाइनेंस ने सरकार के द्वारा कोविड-19 को देखते हुए जारी गाइडलाइन के बारे में सविस्तार मौजूद लोगों को बताया और मस्जिद में मात्र

50 नमाजी ही एक बार में नमाज को अदा करेंगे। एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने भाईचारे व सौहार्द पूर्ण रूप से बकरीद के त्योहार मनाने पर बल दिया। इसी प्रकार सीओ करछना राजेश कुमार यादव ने बताया कि सर्किल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। इंस्पेक्टर सुजीत कुमार दुबे ने भी लोगों से अपील किया कि वह भाई चारे के साथ ही बकरीद का त्योहार मनाएं। इस दौरान लोगों ने बिजली और पानी सहित साफ सफाई पर अधिकारियों का ध्यान उत्कृष्ट कराया। जिसपर अधिकारियों ने बकायदा लोगों की बातों को नोट करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के लिए जानकारी दी।

# विचार

## सम्पादकीय

### सिद्धू की अग्निपरीक्षा बाकी है

क्या ऐसे स्पष्ट रूप से दो खेमों में बंटी कांग्रेस चुनाव में मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर पाएगी? कांग्रेस का एक हिस्सा मानकर चल रहा है कि चूंकि सिद्धू की एक क्रिकेटर और सिलेब्रिटी के रूप में व्यापक पहचान है, संवाद की अपनी एक शैली है और वह खुद को कैप्टन और बादल दोनों के खिलाफ बताते रहे हैं तो एंटी इनकंबेंसी फीलिंग और विपक्ष की चुनौती दोनों की काट साबित हो सकते हैं। आखिर कांग्रेस नेतृत्व ने नवजोत सिंह सिद्धू को प्रदेश पार्टी अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला कर लिया। इससे पिछले करीब दो महीने से पंजाब कांग्रेस में चल रही उथल-पुथल और अनिश्चितता दूर हुई है, लेकिन यह नया सवाल भी खड़ा हो गया है कि अनिश्चितता दूर करने की यह कोशिश कहीं पंजाब कांग्रेस में किसी और बड़े तूफान का कारण तो नहीं बन जाएगी। यह कोई छिपी बात नहीं है कि पंजाब में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू के बीच लंबे समय से छत्तीस का आंकड़ा बना हुआ है। कैप्टन किसी भी सूरत में सिद्धू को प्रदेश अध्यक्ष पद पर नहीं देखना चाहते थे, पर सिद्धू उससे कम पर राजी नहीं थे। रविवार को जब यह लगभग तय हो गया कि सिद्धू प्रदेश अध्यक्ष होंगे, तब भी कैप्टन खेमे की तरफ से इस फैसले को रुकवाने की कोशिशें होती रहीं। वैसे भी नए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री की साथ में औपचारिक तस्वीर भी न आना बताता है कि कैप्टन इस फैसले के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर भले कुछ न कहें, पर इसे पचाना उनके लिए मुश्किल है।

आलाकमान भी कुछ हद तक इस आशंका को स्वीकार करते हुए चल रहा है। सिद्धू के साथ ही चार-चार कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर पार्टी हाईकमान ने कैप्टन और अन्य वरिष्ठ नेताओं की सामाजिक समीकरण बनाए रखने की दलील को जरूर सम्मान दिया है। मुख्यमंत्री और नए प्रदेश अध्यक्ष दोनों जाट सिख समुदाय से हैं, इसलिए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अन्य समुदायों को नुमाइंदगी देने की बात समझी जा सकती है, लेकिन चाहे जिस समुदाय से भी हों वे कैप्टन के करीबी नहीं माने जाते हैं। ऐसे में कैप्टन को भेजा गया यह संदेश स्पष्ट है कि अब आलाकमान की उनकी सुनने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है। क्या कैप्टन चुपचाप इस संदेश को स्वीकार कर लेंगे? अगर नहीं तो वह क्या करेंगे? पंजाब कांग्रेस का आगे का घटनाक्रम बहुत कुछ इसी सवाल पर निर्भर करेगा। लेकिन इससे आगे का सवाल यह भी है कि जो भी घटनाक्रम होगा, उसका पंजाब कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर क्या असर होगा? क्या ऐसे स्पष्ट रूप से दो खेमों में बंटी कांग्रेस चुनाव में मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर पाएगी? कांग्रेस का एक हिस्सा मानकर चल रहा है कि चूंकि सिद्धू की एक क्रिकेटर और सिलेब्रिटी के रूप में व्यापक पहचान है, संवाद की अपनी एक शैली है और वह खुद को कैप्टन और बादल दोनों के खिलाफ बताते रहे हैं तो एंटी इनकंबेंसी फीलिंग और विपक्ष की चुनौती दोनों की काट साबित हो सकते हैं। लेकिन यही बातें पार्टी के खिलाफ भी जा सकती हैं। आखिर पांच साल चली अपनी सरकार के कामकाज को खारिज करते हुए कोई पार्टी वोटरों का सामना कैसे कर सकती है? कुल मिलाकर जिस भूलभुलैया में पंजाब कांग्रेस फंसी हुई दिख रही है, उससे निकलने की कोई आसान राह नहीं है।

## सरकार में रहकर मैंने देखा, पीछे क्यों रह जाता है भारत

**कौशिक बसु**

इकॉनमिक पॉलिसी क्यों निहायत खराब बन जाती है, इसकी बहुत साफ वजह है। नेताओं की आम सहमति से नीतियां बनाई जाएंगी, तो उनके लचर होने का जोखिम बना रहेगा। इस तरीके से अगर हवाई जहाज बनाया जाए तो उसके डैने ऊपर की ओर उठे होंगे क्योंकि अधिकतर लोगों की नजर में वही ठीक होगा। उसकी नोज बाईं ओर मुड़ी होगी क्योंकि ज्यादातर लोग वही चाहते होंगे। ऐसे में तो वह विमान उड़ने से रहा। दरअसल भारतीय लोकतंत्र में एक दिक्कत है। हर फैसले में सभी लोग शामिल हो जाते हैं। कोई भी चीज मंजूर होने से पहले एक से दूसरे डेस्क पर सरकारी फाइलें घुमाई जाती हैं, नो ऑब्जेक्शन के सिगनेचर के लिए। कहा जाता है कि लोकतंत्र में तो ऐसा होता ही है। कोई भी फैसला बहुमत की राय से होना चाहिए। इसे 'वर्टिकल डेमोक्रेसी' कहें तो ज्यादा ठीक होगा। लेकिन लोकतंत्र का एक और रूप भी हो सकता है। इसमें सबकी राय तो होगी, लेकिन हर फैसले के बारे में नहीं। सभी निणर्यो को अलग-अलग कर दिया जाएगा। आप खुद से जुड़े हिस्से के बारे में ही राय दे सकेंगे। भारत को वर्टिकल के बजाय इसी तरह के लोकतंत्र को अपना लेना चाहिए। परमिशन लेने के वर्टिकल स्ट्रक्चर के कारण फैसले करने में देर होती है।

दरअसल सरकार में शामिल होकर अंदर से इसका कामकाज देखना दिलचस्प अनुभव रहा मेरे लिए। किसी भी अच्छी नीति के बीच राह में फंस जाने की बहुत साफ वजहें दिखती हैं। फैसले करने वाले नेताओं और ब्यूरोक्रेट्स में एक तो कल्पनाशीलता नहीं दिखती और दूसरे वे बासी आइडिया की गलियों में चक्कर काटते रहते हैं। भारत की अनाज खरीद नीति को ही ले लीजिए। कई दिक्कतें हैं इसमें। खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने के मसले पर कई बैठकों में मैं शामिल रहा। उनमें नौकरशाहों का जोर इस बात पर रहता था कि भारत सरकार को हर वक्त खाद्यान्न का एक तय भंडार बनाए रखना चाहिए। वे यह बात नहीं समझ पाते थे कि अगर एक तय मात्रा हमेशा रखी जाएगी तो हो सकता है कि वह भंडार की हैसियत खो बैठे। कई ऐसे आइडिया होते हैं, जिनसे समस्याओं का जल्द निपटारा हो सकता है या कुछ फौरी राहत मिल सकती है, लेकिन लोगों को बनी-बनाई लीक छोड़ने के लिए राजी करना किसी जंग से कम नहीं होता। मुझे अफसोस है कि अपने आइडिया पर अमल के लिए मैं ज्यादा जोर नहीं लगा सका। मुझे लगता रहा कि इनमें से कुछ तो इतने अच्छे आइडिया हैं कि कोई भी बुद्धिमान व्यक्ति सुनते ही इन पर अमल करना चाहेगा। तमाम बैठकों में मैंने जो बातें कहीं, उनमें से कुछ आइडिया पर उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ही नजर जाती दिखी। दूसरे नेताओं के साथ प्रधानमंत्री को जब भी देखा, यही लगा कि वह इन सबसे अलग और बेहतर हैं। नेहरू की तरह भारत के लिए उनमें एक



जुनून है। उनसे मेरी बातचीत में कभी भी राजनीति और रोजमर्रा की सियासी उठापठक का जिक्र नहीं हुआ। हमेशा यही बात हुई कि भारत को कैसे और अच्छा बनाया जा सकता है। मुझे पता है कि इसकी कोई खास वैल्यू शायद नहीं है। वोटर ही अगर यह बात समझ सकें तो देश कुछ और बेहतर हो सकता है।

सरकारी कामकाज में दिक्कतें पैदा होने की दो बड़ी वजहें हैं। टॉप ब्यूरोक्रेट्स पर काम का बहुत बोझ और हर बात के लिए मंजूरी लेने का चक्कर। एक तरफ तो यह बात काफी अच्छी लगती है कि सभी सीनियर सिविल सर्वेंट्स कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन दूसरा पहलू यह भी है कि वे अमूमन किसी मंत्री या सांसद के लिए बैक-एंड पर हर वक्त हुक्म बजा रहे होते हैं। ऊंचे सपने, काम के प्रति लगन या शोषण, चाहे जो वजह हो, ये सीनियर ब्यूरोक्रेट इस हद तक काम कर रहे होते हैं कि कुशलता, कल्पना और क्रिएटिविटी पर आंच आने लगती है। ये लोग शुरू में बहुत तेजतर्रार होते हैं, लेकिन बाद में तोते जैसे हो जाते हैं।

ऐसे में सरकारी कामकाज में रचनात्मकता की उम्मीद कैसे की जा सकती है। दूसरी दिक्कत है हर मोड़ पर मंजूरी लेने की। ऐसी कई बेमतलब सी फाइलें नीचे से चलकर मंत्री तक ले जाई जाती हैं। आप देखिए कि कैसी-कैसी बातों के लिए मंजूरी मांगी जाती है। मसलन, बीमार रिश्तेदार से मिलने की खातिर एक दिन के लिए वाराणसी जाना है या मिनिस्ट्री में सर्व की जाने वाली कॉफी का ब्रैंड बदलना है या बाथरूम साफ रखने के लिए किसी और अटेंडेंट की जरूरत है। ऐसे सभी प्रस्ताव हार्ड कार्डबोर्ड के फोल्डर में एक से दूसरे कमरे में ले जाए जाते हैं, जिन पर ब्यूरोक्रेसी के सीनियर लोगों की राय लेनी होती है। इसके उलट अमेरिकी विश्वविद्यालयों का हाल देखिए। वहां सीनियर प्रफेसरों को बजट दे दिया जाता है। वे जरूरत के मुताबिक जब चाहें पैसे देकर नई दिल्ली, तोक्यो या इस्तांबुल से किसी को भी पढ़ाने-लिखाने के लिए बुला सकते हैं। वहां पहले से मंजूरी लेने के बजाय समय-समय पर समीक्षा करने का सिस्टम है। इसमें यह देखा जाता है कि कोई अपने अधिकार का दुरुपयोग तो नहीं कर रहा। मुझे पता है, ऐसा सिस्टम अपनाने से शुरू में कुछ करप्शन और दुरुपयोग हो सकता है, लेकिन अभी जो हाल है, उसे देखते हुए बदलाव की कोशिश करनी चाहिए। फिर बात यह भी है कि कुछ मामलों में एक तरह की फाइनल अथॉरिटी होने से भरोसा पैदा होता है, जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है और ईमानदारी भी। शुरुआत में कुछ दुरुपयोग हो सकता है इस सिस्टम का, लेकिन यह भी तो देखें कि हर तरह के चेक एंड बैलेंस के बावजूद करप्शन खत्म तो नहीं हुआ है।

## अवधनामाः जब अवध, फर्रुखाबाद के बीच हुआ 'खुला खेल'

**कृष्ण प्रताप सिंह**

क्या पता, फर्रुखाबाद में वह 'खुला' खेल पहली बार किसने खेला, जो आगे चलकर लोकोक्ति में बदल गया और वैसे खेल कहीं और हों तो भी फर्रुखाबादी ही कहलाने लगे। अवध में तो आज भी ऐसा दावा करने वालों की कमी नहीं है कि इन खेलों की मूल प्रेरणा फर्रुखाबादी न होकर अवधी है। हां, ये दावेदार कहते हैं कि फर्रुखाबाद ऐसे खेलों में दक्ष ही नहीं हो पाता, अगर नवाबों के राज के आगाज से पहले से ही अवध उसे इनकी दीक्षा न देता। 1714 में मुहम्मद खां बंगश के बगावत के खुले खेल के तहत अपने अधीन स्वतंत्र राज्य बना लेने तक फर्रुखाबाद अवध सूबे का ही हिस्सा हुआ करता था। तब बंगश मुगल सल्तनत के फौजदार थे और उन्हें वेतन के तौर पर कालपी और बुंदेलखंड के कुछ इलाके मिले हुए थे। लेकिन मुहम्मद शाह (1719-1748) की बादशाहत तक खुले खेलों में दीक्षित होकर वे उनके खास-उल-खास बन गए। अलबत्ता, मुहम्मद शाह ने अपने एक और खास-उल-खास मुहम्मद अमीन खां को महज दो साल की आगरा की सूबेदारी के बाद सितंबर, 1722 में अवध का सूबेदार बनाकर एक के बाद एक 'सआदत खां' और 'बुरहानउल्मुल्क' जैसी दो उपाधियों से नवाज दिया तो बंगश से अमीन की यह बढ़त देखी न गई। दरअसल, बंगश और अमीन दोनों के लिए यह एक म्यान में दो तलवारों जैसा मामला था। दोनों भले ही आपस में दोस्त थे, लेकिन चाहते थे कि बादशाह की निगाहों में उनका दूर-दूर तक कोई प्रतिद्वंद्वी न हो। इसलिए वे जल्दी ही एक दूजे को अपमानित करने, नीचा दिखाने या मजा चखाने में किसी भी हद तक गुजर जाने लगे। मुहम्मद अमीन खां ने कुछ ही वर्षों में अवध की सालाना आमदनी सत्तर लाख से बढ़ाकर एक करोड़ सात लाख रुपये कर दी और बादशाह मुहम्मद शाह ने उन्हें बुरहानउल्मुल्क की उपाधि से नवाज दिया तो बंगश की जलन इतनी बढ़ गई कि उन्होंने अमीन को चिढ़ाने के लिए अपने एक नौकर को भी वही उपाधि दे डाली।

वैसे दोनों के बीच इस जलन का एक सिरा और था। एक समय बंगश के राज में बगावत भड़क गई और कालपी को लूट लिया गया। तब मुहम्मद अमीन खां ने बादशाह को यह समझाने में कुछ भी उठा नहीं रखा था कि बंगश का इतना बूता नहीं कि वह कालपी के विद्रोहियों का दमन कर पाएं, इसलिए बेहतर होगा कि बंगश के बजाय उन्हें अपनी मजबूत फौज के साथ वहां जाने और पराक्रम दिखाने दिया जाए। लेकिन बादशाह ने उनकी मुराद पूरी नहीं की और बंगश ने बगावत पर काबू पा लिया तो उसे इलाहाबाद की सूबेदारी भी दे डाली। तब बुंदेलखंड भी इलाहाबाद सूबे में ही था। 1723 के अंत में बुंदेलखंड में बगावत भड़क गई और मुहम्मद अमीन ने वह मौका पा लिया, जो उन्हें कालपी की बगावत के वक्त नहीं मिला था। बादशाह के हुक्म पर बुंदेलखंड जाकर उन्होंने बगावत तो नाकाम कर दी, लेकिन बागियों को उकसा दिया कि बंगश आगे जैसे ही बुंदेलखंड में कदम रखें, बड़े दल-बल के साथ उसे घेर लें। इससे बेखबर बंगश बुंदेलखंड जाकर बागियों से घिर गए तो उन्होंने मरता क्या न करता की तर्ज पर अपने बेटे कायम खां को मुहम्मद अमीन के पास मदद मांगने भेजा। लेकिन अमीन ने उलटे कायम खां को गिरफ्तार करा लिया। वह तो उनकी फौज के फर्रुखाबाद के एक रिसालेदार ने उनकी इस दगाबाजी की खबर न सिर्फ बंगश के खेमे को भेज दी बल्कि वहां से कायम को रिहा कराने आए सिपहसालार नेकनाम खां की भरपूर मदद भी की। इसका राज खुला तो अमीन हाथ मलकर रह गए। इसके बाद भी अमीन और बंगश ने खुलकर एक दूजे के आड़े आना नहीं छोड़ा। 1732 में बादशाह ने बंगश को मालवा का सूबेदार बना दिया तो भी दोनों इलाहाबाद की सूबेदारी पर दावा करते और खुल्लमखुल्ला उलझते रहे। मुहम्मद अमीन द्वारा अवध को अपनी स्वतंत्र सल्तनत घोषित कर देने के बाद तो और भी। अवध और फर्रुखाबाद के बीच वैमनस्य का यह खेल दो पीढ़ियों बाद थमा, जब अवध के तत्कालीन नवाब शुजाउद्दौला ने अंग्रेजों की मदद से फर्रुखाबाद को फिर अवध में मिला लिया।

## उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण पूजन में क्यों जुटे हैं राजनीतिक दल ? सत्ता के लिए क्यों जरूरी है ब्राह्मणों का आशीर्वाद

**नीरज कुमार दुबे**

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से ठीक पहले सभी राजनीतिक दलों के लिए ब्राह्मण क्यों हो गये हैं महत्वपूर्णघ् नेताओं की ओर से ब्राह्मणों की दशा दिशा सुधारने के क्यों एक दूसरे से बढ़.चढ़कर किये जा रहे हैं वादेघ् क्या ब्राह्मण भाजपा से नाराज है और इस बार पाला बदल सकता है। हमारे देश की जाति व्यवस्था में ब्राह्मण को गुरुए पूज्य और यहाँ तक कि तीर्थस्वरूप माना गया है। कोई भी शुभ कार्य करना होए ब्राह्मण ही उसे संपन्न कराता है। पौराणिक ग्रंथों को देखेंगे तो उल्लेख मिलेगा कि ब्राह्मण को कभी निराश नहीं करना चाहिए और ब्राह्मणों को दिये जाने वाला दान.दक्षिणा जन्म जन्मांतरों तक अक्षय फल प्रदान करता है। लेकिन आज की राजनीति की बात करें तो नेता भले चुनावों में जीत का आशीर्वाद लेने ब्राह्मण के पास आते हों लेकिन सत्ता में भागीदारी के मामले में ब्राह्मणों को उनका असल हक नहीं दिया जाता। लेकिन ब्राह्मणों का इतिहास है कि उन्होंने कभी विद्रोह नहीं किया ना ही अपने हक के लिए कोई बड़ी लड़ाई लड़ी है। ब्राह्मण का प्रयास रहता है कि समाज में शांति और समृद्धि बनी रही जिससे उसका भी काम चलता रहे। आमतौर पर ब्राह्मण को काम पड़ने पर ही याद किया जाता है और अब चूँकि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव नजदीक आ गये हैं तो प्रदेश में वोटों के लिहाज से बड़ा महत्व रखने वाले इस समुदाय को लुभाने की कवायद भी तेज हो गयी है। सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से साल 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बना चुकी बसपा ने फिर से ब्राह्मण सम्मेलन शुरू करने की बात कही है तो भाजपा ब्राह्मण नेताओं को पार्टी में शामिल कराने का अभियान चलाये हुए है और आने वाली गुरु पूर्णिमा पर भाजपा नेता और जनप्रतिनिधि मठों और मंदिरों में दस्तक देने की तैयारी में हैं। यही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अपनी मंत्रिपरिषद का जो विस्तार और फेरबदल किया है उसमें उत्तर प्रदेश के जातिगत समीकरणों को देखते हुए ब्राह्मण नेता को भी जगह दी है। मोदी सरकार में देखें तो कुल मिलाकर 11 ब्राह्मण मंत्री हैं। इस तरह की भी चर्चाएं हैं कि योगी सरकार के संभावित विस्तार में कांग्रेस से भाजपा में आये ब्राह्मण नेता जितिन प्रसाद को जगह दी जा सकती है। योगी सरकार में इसके अलावा पहले से ब्रजेश पाठक जैसे बड़े ब्राह्मण नेता कैबिनेट मंत्री हैं ही।उत्तर प्रदेश में आबादी के लिहाज से नजर डालें तो भले ब्राह्मणों की संख्या 13 प्रतिशत के आसपास ही है लेकिन कई विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ ब्राह्मण मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। पिछले विधानसभा चुनावों की ही बात करें तो 56 सीटों पर ब्राह्मण



उम्मीदवार विजयी हुए थे। इन 56 में से 44 तो भाजपा के ही विधायक थे। यानि ब्राह्मण मतदाताओं ने भाजपा को दिल खोल कर वोट दिया था। एक और बड़ा आंकड़ा यह है कि पिछले तीन विधानसभा चुनावों में जिसके पास सबसे ज्यादा ब्राह्मण विधायक रहे उसी पार्टी की ही उत्तर प्रदेश में सरकार बनी। वर्तमान की बात करें तो भाजपा ने भी योगी सरकार बनने पर दिनेश शर्मा के रूप में ब्राह्मण नेता को उपमुख्यमंत्री पद दिया और कुल मिलाकर योगी सरकार में इस वर्ग के 8 विधायकों को मंत्री पद दिये गये। लेकिन यह सभी ब्राह्मण मंत्री अपने समुदाय के बीच योगी सरकार के कामकाज को सही से प्रचारित भी नहीं कर पाये और ना ही अपने समुदाय के बीच यह मंत्री कोई खास पैठ बना पाये। आप आसान से उदाहरण से समझिये। योगी सरकार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की जितनी पिछड़ों के बीच पैठ है क्या उतनी पैठ दिनेश शर्मा की ब्राह्मणों के बीच हैघ् उत्तर होगा नहीं।

देखा जाये तो ब्राह्मणों के बारे में अफवाहें फैलाना भी आसान है क्योंकि वह कभी इसका खंडन करने आगे नहीं आते। जो चल रहा होता है उसे चलने देते हैए यह सोच कर कि एक दिन प्रभु कृपा से सच सामने आ ही जायेगा। उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर विकास दुबे का एनकाउंटर हुआए उसके कई और साथी भी मारे गये तो मीडिया के एक वर्ग ने खबरें चला दीं कि ब्राह्मण योगी सरकार से नाराज हो गया है क्योंकि कई ब्राह्मणों का एनकाउंटर करवा दिया गया। इस प्रकार की खबरें इतनी ज्यादा चलीं कि शायद योगी सरकार को भी लगने लगा होगा कि इसी कारण से ब्राह्मण उससे नाराज है। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया कि पौराणिक ग्रंथों का नित वाचन करने वाले और उसमें उल्लिखित संदेशों से सभी को अवगत कराने वाला ब्राह्मण आदिकाल से ही जागरूक है और जानता है कि अपराधी या आतंकवादी का अपना कोई धर्म या जाति नहीं होती और यदि कोई अपराधी या आतंकवादी है तो उसके खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई होनी ही चाहिए और कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए। वैसे ब्राह्मण यदि सरकार से नाराज है तो अपने साथ होने वाले भेदभाव से नाराज हैए अपने बच्चों के शिक्षा और नौकरियों के खोते अवसरों से नाराज है। भाजपा को पता है कि ब्राह्मण नाराज रहे तो हिंदुत्व कार्ड खेलने में परेशानी होगी इसलिए उन्हें मनाने में जुटी हुई है।

दूसरी ओर मायावती को 14 साल बाद यदि ब्राह्मणों की याद आई है तो यकीनन कुछ तो इस समुदाय की ताकत होगी। माना जा रहा है कि विधानसभा चुनावों में मायावती 50 से ज्यादा टिकट ब्राह्मणों को दे सकती हैं लेकिन सवाल यह है कि क्या ब्राह्मण मतदाता बसपा की ओर फिर झुकेंगे। साल 2009 के लोकसभा चुनावों के बाद से हुए सभी चुनावों के आंकड़े तो यही दर्शाते हैं कि इस वर्ग ने बसपा से लगभग किनारा कर लिया है। मायावती तो यहाँ तक ऐलान कर चुकी हैं कि यदि वह सत्ता में आती हैं तो भगवान परशुराम की सपा से भी ऊँची मूर्तियां लगवाएंगी और भगवान परशुराम के नाम पर पार्कों तथा अस्पतालों के नाम भी रखे जाएंगे। बहरहालए मायावती ने जिन सतीश चंद्र मिश्र को ब्राह्मण सम्मेलनों के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी है वह आम ब्राह्मणों का तो नहीं लेकिन अपने परिवार के ब्राह्मणों का राजनीतिक भला करने में जरूर कामयाब रहे हैं। सतीश चंद्र मिश्र भले बसपा के साथ बने रहे लेकिन पार्टी के कई बड़े ब्राह्मण नेता मायावती का साथ छोड़ चुके हैं। ऐसे में अयोध्या से शुरू होने वाले बसपा के ब्राह्मण सम्मेलन कितना प्रभाव डाल पाएंगे यह देखने वाली बात होगी। खासतौर पर ब्राह्मण यह भी देख रहे हैं कि चुनावों से छह महीने पहले ही मायावती ने ब्राह्मणों की सुध ली है।

ब्राह्मण समुदाय को लुभाने की कोशिश में समाजवादी पार्टी प्रदेश में भगवान परशुराम की मूर्तियाँ लगवाने का ऐलान कर चुकी है। लखनऊ में तो 108 फुट ऊंची भगवान परशुराम की प्रतिमा लगाई भी जा रही है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी के तीन ब्राह्मण नेताओं. अभिषेक मिश्रए माता प्रसाद पांडे और मनोज पांडे को जिम्मेदारी सौंपी है कि ब्राह्मणों को सपा के पक्ष में एकजुट किया जाये। सपा दिवंगत जनेश्वर मिश्र के नाम पर भी ब्राह्मणों को लुभाने का प्रयास करती रहती है। वहीं जितिन प्रसाद के जाने के बाद कांग्रेस के पास अब प्रमोद तिवारीए राजीव शुक्ला और ललितेशपति त्रिपाठी जैसे बड़े ब्राह्मण नेता ही बचे हैं लेकिन इनका कितना बड़ा जनाधार है यह सब जानते हैं। कांग्रेस की योजना गांधी परिवार को ही उत्तर प्रदेश में सबसे बड़े ब्राह्मण परिवार के रूप में प्रचारित करने की है। कांग्रेस का यह भी कहना है कि वही एकमात्र पार्टी है जिसने प्रदेश को ब्राह्मण मुख्यमंत्री दिये। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद से 1989 तक उत्तर प्रदेश में छह बार ब्राह्मण मुख्यमंत्री बने। प्रदेश के अंतिम ब्राह्मण मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता नारायण दत्त तिवारी थे जिन्होंने तीन बार प्रदेश की कमान सँभाली थी।बहरहालए जहाँ तक मायावती का यह कहना है कि वर्तमान शासन में ब्राह्मण समाज बहुत ज्यादा दुखी है और उसे अब भाजपा को तिलांजलि दे देनी चाहिएए इस पर यही कहा जा सकता है कि ब्राह्मण को बरगलाया या खरीदा नहीं जा सकता वह देश और समाज हित में सही निणन्य लेने का शुरू से ही आदी रहा है। ब्राह्मण सभी नेताओं की बात और राजनीतिक दलों के वादे सुनता जरूर है लेकिन करता वही है जो शास्त्र सम्मत होता है।

## महंगाई की मार से बेहाल हैं लोग, मोदी सरकार को जल्द ही कुछ करना चाहिए

**रमेश सर्राफ धमोरा**

कोरोना महामारी के प्रकोप के बीच राहत देने के लिए केन्द्र सरकार ने पहले 20 लाख करोड़ का तथा गत दिनों सात लाख करोड़ रुपयों के राहत पैकेज की घोषणा की थी। मगर सरकार की इन घोषणाओं का भी आम आदमी को विशेष लाभ नहीं मिल पा रहा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी करके महंगाई से बेहाल देश की जनता को एक और झटका दिया है। पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों से देश का आम जन पहले से ही पूरी तरह पिसा हुआ है। ऊपर से घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी करना आम आदमी के लिए बहुत ही दुखदाई है। देश में आज पेट्रोल और डीजल एक सौ रुपए से अधिक प्रति लीटर की दर पर बिक रहे हैं। ऐसे में रसोई गैस की कीमत बढ़ाना बहुत बरा फैसला है। पिछले चौदह महीनों से लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर की सब्सिडी मिलना भी बंद है।

पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी के बाबत पिछले दिनों पेट्रोलियम एवं गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक बयान भी दिया था कि कोरोना संकट के दौरान पेट्रोलियम पदार्थों के दामों को कम करना मुनासिब नहीं है। प्रधान का यह बयान उन मतदाताओं के साथ सरासर अन्याय है। जिन्होंने भाजपा को गरीबों की हितैषी पार्टी मानकर लगातार दो बार भारी बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने के लिए समर्थन दिया था। देश की जनता पिछले सवा साल से लगातार कोरोना संक्रमण को झेल रही है। इस दौरान अधिकांश समय देश में लॉकडाउन लगने से लोगों को घरों में ही रहना पड़ा है। ऐसे में काम धंधे बंद होने से आम आदमी के रोजगार के अवसर समाप्त होने से उनके आय के स्त्रोत बंद हो गये। जिससे आम आदमी की कमर टूट चुकी है। दिनों दिन बढ़ती महंगाई और लगातार कम होते काम के अवसर ने देश की जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोलियम पदार्थों के अलावा खाद्य पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। खाने का तेल दुगुनी दर पर बिक रहा है।

कोरोना महामारी के दौरान केंद्र सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों पर कस्टम एंड एक्साइज ड्यूटी से खूब कमाई हुई है। सरकार को अप्रत्यक्ष कर से आने वाला राजस्व बढ़कर 4.51 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वित्तीय वर्ष 20-21 में पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर 37 हजार 806.96 करोड़ रुपए कस्टम ड्यूटी वसूली गई। वहीं देश में इनके उत्पाद पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी से 4.13 लाख करोड़ रुपए की कमाई हुई। 2019-20 में पेट्रोलियम पदार्थों के आयात पर सरकार को कस्टम ड्यूटी के रूप में 46 हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिला था। वहीं देश में इनके उत्पाद पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी से 2.42 लाख करोड़ रुपए की वसूली हुई। अब अगर दोनों तरह की टैक्स वसूली को देखें तो सरकारी खजाने में 2019-20 में कुल 2.88 लाख करोड़ रुपए जमा हुए। महंगे पेट्रोल-डीजल से केवल आम आदमी ही नहीं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की हालत बिगड़ गई है। जो पहले से ही कोरोना महामारी की मार झेल रही है। केन्द्र सरकार को तत्काल पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाकर लोगों को महंगाई से राहत देनी चाहिये।

केन्द्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक कोरोना संक्रमण के बावजूद भी सरकार का कर संग्रहण लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार के नुमाइंदों का कहना है कि देश की जनता को कोरोना वैक्सीन के टीके मुफ्त में लगाए जा रहे हैं। जिन पर होने वाले खर्च की भरपाई के लिए सरकार को टैक्स में बढ़ोतरी करनी पड़ रही है। मगर सरकारी सूत्रों के अनुसार ही देश के लोगों के टीकाकरण पर अधिकतम 40 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। जबकि सरकार ने कोरोना संक्रमण के बाद बढ़ाए गए टैक्स से कई लाख करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया है।

केन्द्र सरकार ने पहले 20 लाख करोड़ का तथा गत दिनों सात लाख करोड़ रुपयों के राहत पैकेज की घोषणा की थी। मगर सरकार की इन घोषणाओं का भी आम आदमी को विशेष लाभ नहीं मिल पा रहा है। पैसों के अभाव में लोगों से बिजली के बिल जमा नहीं हो पा रहे हैं। जिन्होंने बैंकों से लोन ले रखा है उनकी किस्तों की भरपाई नहीं हो पा रही है। ऊपर से निजी स्कूल वाले भी बिना पढ़ाई बच्चों से जबरन फीस वसूल रहे हैं। जो गरीबों पर सीधा कुठाराघात है। कोरोना संक्रमण के दौरान बीमार हुए लोगों को उपचार पर बहुत अधिक पैसा खर्च करना पड़ा है। जिसकी भरपाई का लोगों को कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। लोग कर्ज में डूबे हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद कोरोना से मरने वाले लोगों को सरकारी स्तर पर कुछ मुआवजा मिलने की संभावनाएं बनी हैं। मगर अधिकांश लोगों की मृत्यु प्रमाण पत्र पर कोरोना से मौत होना दर्ज ही नहीं किया गया है। ऐसे में उन लोगों को मुआवजा मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। यदि केन्द्र सरकार चाहे तो अस्पतालों को निर्देशित कर सकती है कि कोरोना संक्रमण के दौरान जिनकी वास्तव में कोरोना से मौत हुई है। उनको कोरोना से मौत का प्रमाण मृत्यु पत्र दिया जाये ताकि उनको भी मुआवजा मिल सके।

देश में कोरोना की प्रथम लहर के दौरान ही सरकार ने रेल सेवा पूरी तरह से बंद कर दी थी। कई महीनों के बाद सरकार ने कुछ रेलगाड़िया प्रारंभ की हैं। जिनमें सफर करने के लिए लोगों को पहले से अधिक किराया चुकाना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार वर्तमान में संचालित सभी रेलगाड़ियों को स्पेशल ट्रेन के रूप में चला रही है। जिसका किराया सामान्य से काफी अधिक होता है। चूंकि रेलगाड़ियों में अमूमन आम आदमी यात्रा करता है जो पहले ही कोरोना के कारण आर्थिक मार से परेशान है। ऐसी स्थिति में उससे रेल भाड़े के रूप में भी अधिक राशि वसूल करना केन्द्र सरकार का न्याय संगत फैसला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि मै दिन-रात देश की जनता की उननति की बातें सोचता हूं व करने का प्रयास करता हूं। मगर ना जाने वह मौजूदा स्थिति से क्यों अनजान बने हुए हैं। देश का आम आदमी, गरीब, मजदूर, किसान वर्ग को ऐसा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है जिससे आगे चलकर वह अपनी कोरोना आने से पहले की जिंदगी बसर कर सके। गांव में तो स्थिति और भी खराब हो रही है। कोरोना के कारण शहरों से पलायन कर अपने गांव आए हुए लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो रहा है।हालांकि केंद्र सरकार ने प्रति व्यक्ति पांच किलो गेहूं प्रतिमाह मुफ्त में देने की घोषणा की है।

# प्रोफेसर मुख्तार अहमद ख़ां के सराहनीय कदम

## जनाब ख़ां सऊदी अरब में भारतीय दूतावास से सम्बन्धित रह कर सऊदी अरब में परेशान ब्याथित, समस्याओं से ग्रसित मृत्यु या जेल में बन्द भारतीयों श्रमिकों,की सहायता में कई सालों से करते आ रहे मदद

शहजादे

**प्रयागराज।** भारत के प्रयागराज यानी इलाहाबाद जिले के कोरांव ब्लाक के छरी गरा निवासी हाजी प्रोफेसर मुख्तार अहमद खान जो सऊदी अरब में जजा न यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं,उनके उत्कृष्ट सेवाओं से हमारे भारतीय जो विदेश में मजदूरी या किसी कार्य से पासपोर्ट बनवाकर रह रहे हैं उनकी विभिनन्न समस्याओं को दूर करने,किसी कारण वश जेल में बन्द है या वीजा पासपोर्ट की समस्या से फंसे हैं,उनकी कई सालों से मदद करते रहे हैं। प्रोफेसर खान कई साल से जजान यूनिवर्सिटी में बतौर प्रोफेसर कार्यरत हैं। और उनकी वहां की लोकप्रियता से काफी लोग उनसे फैज हासिल कर रहे हैं। दरअसल ये जजॉन् प्रोविंस में रहते हुए पूरे सऊदी अरब में परेशान और





किसी कारण से बयाथित भारतीय नागरिकों के लिए को श्रम से संबन्धित मामलों में परेशान त्रस्त होते हैं उनकी कानूनी और मानवीय सहायता प्रदान करते हैं। श्री ख़ां अब तक सैकड़ों भारतीयों को महिला पुरुष जो रोजगार के लिए सऊदी में आकर किसी कारण से जेल में बन्द है या मजदूरी के अभाव में भारत नहीं जा पा रहे या मालिकों द्वारा उनका किसी प्रकार का सौषण किया जा रहा है कोई कागजात में कमी आने से फंसे हों उन्हे पैरवी करके भारतीय दूतावास के अफसरों से वार्ता या आदेश ले कर सऊदी सरकार के नियम कानून के मुताबिक भारत भेजवा ते रहते हैं।

सबसे बेहतर ये है कि श्री खान मुख्तार आलम को इनके सराहनीय कार्यों के मद्दे नजर सऊदी अरब में स्थित भारत के महा वाणिज्य दूतावास जद्दा ने प्रतिनिधि बनाकर कांसुलेट सर्विसेज के तमाम उपरोक्त कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी है। तभी से वे बखूबी अपनी जिम्मेदारियों को निर्वहन कर रहे हैं। और मजलूमों की दुआएं हासिल कर रहे हैं।

श्री प्रोफेसर खान हर महीने दूतावास के सिलसिले में भारतीय नागरिकों की मदद हेतु दौरे पर रहते है,और भारतीयों के सहायतार्थ पासपोर्ट नवीनीकरण एवम विभिनन्न प्रकार के दस्तावेजों पर भारत के दूतावास से आए अधिकारी लोगों से तमाम जांच के पश्चात उनका अटेस्ट करवाना वगैरह भी दाइत्व शामिल है।

उन्होंने बताया कि हर माह तकरीबन 350/500 पासपोर्ट रिन्यूबल के लिए और पावर ऑफ एटॉर्नी व जिगर कागजात 35/36अट्स्टेशन के लिए आते थे। श्री ख़ां निःशुल्क भारतीयों की मदद हेतु पासपोर्ट के फार्म भरवाना और उसकी जांच सत्यापन करवाते रहे हैं। जो एक अहम और इंसानियत से भरा साहसिक कदम है। उन्होंने बताया सऊदी में किसी समस्या से त्रस्त भारतीय मेरे मोबाइल नंबर 966554248786 पर सम्पर्क कर सकते हैं। श्री खान की बेटी भी उक्त यूनिवर्सिटी में बतौर प्रोफेसर कार्यरत है।

# फूलपुर में दूषित जलापूर्ति के खिलाफ चला जल शिकायत संग्रह अभियान

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** नगर पंचायत फूलपुर में दूषित जलापूर्ति का मुद्दा गरमाने लगा है।स्वच्छ पानी के लिए तरस रहे नगर पंचायत के लोगों ने शासन के उच्चाधिकारियों के साथ ही सूबे के मुखिया को भी शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

फूलपुर के नामित सभासद राय साहब केसरी ने बताया कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के साथ ही जिलाधिकारी को भी दूषित जलापूर्ति की समस्या से अवगत कराया गया परन्तु नतीजा सिफर रहा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी पर उच्च अधिकारियों को गुमराह कर शिकायत का गलत तरीके से निष्तारण करने का आरोप




## अधिशासी अधिकारी ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर दिया सैम्पलिंग का आदेश

लगाया। वहीं शिकायत पर अधिशासी अधिकारी ने जलकल मिस्त्री जंग बहादुर के नेतृत्व में 3 सदस्यीय टीम गठित कर डोर टू डोर सैम्पलिंग के लिए लगा दिया। जो घर घर जाकर दूषित जलापूर्ति की जांच करेंगे। मंगलवार को सभासद राय साहब केसरी के साथ उक्त टीम ने विभिनन्न मोहल्लों में जांच कर पानी का सैम्पल लिया। जहां मौके पर ही लोगों ने दूषित पानी की शिकायत की। नगर पंचायत के निवासियों ने कहा कि अगर अतिशीघ्र उक्त समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो फूलपुर में वह बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# 24 घंटे के बाद भी पुलिस नहीं लगासकी राजू के हत्यारों का पता

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** सराय इनायत थाना क्षेत्र मे एक युवक की सिर कूंचकर हुई हत्या के मामले मे 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी।

40 वर्षीय राजू पुत्र स्व0 किशन लाल हनुमानगंज बाजार स्थित सुदनीपुर कला गांव मे एक किराएके मकान मे रहता था। बीते सोमवार की सुबह जब उसी कमरे मे तखत के नीचे उसकी रक्तरंजित लाश मकान मालिक वेद प्रकाश स्वर्णकार ने देखा तो हत्प्रभ रहगए सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजा। पुलिस उसके एक रिस्तेदार को हिरासत मे लेकर पुंछतांछ कर रही है।

राजू के अन्य परिवार के बारे मे भी पुलिस पता कर रही है। शहर के कई मोहल्ले अल्लापुर बैरहना कीडगंज मे राजू का परिवार किराए पर रहता था। बीती रात पुलिस ने शहर के मलाकराज स्थित उसके एक रिश्तेदार के यहां भी पुलिस दबिस मे गयी थी वहां पता चला कि पिछले हप्ते वहां गया था और चार दिन मे आने को कहके गया था। लेकिन अभीतक पुलिस के हांथ कोई ठोस सबूत नही लगसका है।

## राजू कि हत्या क्यों और किसने की इस गुत्थी मे उलझी रही पुलिस

सीओ फूलपुर राम सागर ने बताया कि राजू का नंबर और कुछ संदिग्धों का नंबर सीडीआर मे लगाया गया है। उसकी रिपोर्ट आनेपर बहोत जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। राजू के हत्या का कारण पुलिस आशनाई का मामला भी मानकर चल रही है। राजू का अंतिम संस्कार दारागंज घाट पर पुलिस कि निगरानी मे उसके रिश्तेदार राम बाबू ने किया।

## प्रयागराज पावर जनरेशन का कैनाल बनने से शुरू हुई दिक्कत

**लालापुर।** पंडुवा गांव में कमला पम्प कैनाल के बगल लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर प्रयागराज पावर जनरेशन बारा का पम्प बना हुआ है।पंडुवा के ग्रामीण श्याम लाल मांझी,डेराबारी के अमर सिंह,लालापुर के प्रधान शंकरलाल पांडेय,अमिलिया तरहार के अर्जुन तिवारी सहित आदि लोगों ने बताया की जब से कमला पम्प कैनाल के बगल प्रयागराज पावर जनरेशन का कैनाल बनाया गया है तभी से किसानों को पानी का संकट शुरू हो गया है।अगर समय रहते किसी नेता व अधिकारी ने नहीं ध्यान दिया तो बारा के किसानों की भूमि बंजर होने में ज़्यादा वर्ष नहीं लगेंगे।

# यमुना ने नहीं है पानी,बिन पानी सूख जाएगी किसानी

## बरसात नहीं हुई तो बारा तहसील के किसान नहीं लगा पायेंगे धान की फसल

## यमुना में पानी नहीं होने से बंद हुई कमला पम्प कैनाल

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के पंडुवा गांव में यमुना नदी के किनारे 1/12/1973 को पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी द्वारा कैनाल का शिलान्यास कर बनवाया गया था।लगभग पांच वर्ष बाद कैनाल बनकर तैयार हो गया और पानी देने लगा।

इस कैनाल से बारा तहसील व करछना तहसील के किसानों के हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई होती है।दस पम्प वाले कैनाल को वर्षों से किसी अधिकारी व बड़े नेता का ध्यान इस कैनाल पर नहीं गया जिससे कैनाल की हालत बदतर होती जा रही है।18 जुलाई रविवार को कैनाल पूरी तरह से पानी देना बंद कर दिया।पानी बंद होने से किसानों के पास संकट के बादल मड़राने लगे हैं।अगर समय रहते यमुना में पानी नहीं आया तो किसानों की धान की नर्सरी तो पानी बिना बर्बाद होगी ही साथ धान की रोपाई कर चुके किसानों की फसल पानी के अभाव में पूरी तरह से बर्बाद हो जायेगी।पूर्व वर्ष में नहर बंद होने पर 23 जून 2019 को प्रयागराज सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कैनाल का निरीक्षण किया था तो ग्रामीणों ने पम्प के सक्शन के पास गाद व मोरंग जमा होने की बात बताई थी जिस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।



अगर समय रहते कैनाल के आस-पास की गाद व मोरंग हटाई गयी होती तो आज ये स्थित न पैदा होती।भारतीय किसान यूनियन के बारा तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह,मजदूर किसान मोर्चा पाठा क्षेत्र के अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह,समाज सेवी दिनेश तिवारी,विहिप के यमुनापार जि॰लाध्यक्ष चंद्र निधान पांडेय ने बताया की अगर तीन दिन के अंदर नहर में पानी नहीं छोड़ा जाता तो किसान आंदोलन को बाध्य होंगे।

# पंचायतों के सशक्तीकरण से ही होगा ग्रामीण विकासः प्रमोद तिवारी

## लालगंज, सांगीपुर व रामपुर संग्रामगढ़ में ब्लाक प्रमुखों को दिलाई गई शपथ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंगलवार को स्थानीय लालगंज एवं सांगीपुर तथा रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालयों पर नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुखों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण भव्य समारोहों के बीच सोल्लास सम्पनन्न हुआ। स्थानीय ब्लाक परिसर मे आयोजित



भव्य समारोह मे क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी की गरिमामय मौजूदगी मे नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज को एसडीएम राहुल यादव ने शपथ दिलाई। इसके बाद प्रमुख अमित ने निर्वाचित बीडीसी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया। बतौर मुख्य अतिथि सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि पंचायतों के सशक्तीकरण से ही ग्रामीण विकास का निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि व्यक्ति की इकाई के रूप मे विकास तभी वृहद स्वरूप लिया करता है जब पंचायतें समग्र विकास का मजबूत ढांचा तैयार करने मे सफल हुआ करती है। नवनिर्वाचित प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने सेवा तथा विकास के प्रति समर्पण का संकल्प जताया। समारोह का संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं स्वागत पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह ददन तथा आभार प्रदर्शन बीडीओ मुनौवर खां ने किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी, डा. नीरज तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ईओ सुभाषचंद्र सिंह, लालदेव सिंह, संकठा सिंह आदि मौजूद रहे। इसके पहले सांगीपुर ब्लाक परिसर मे भी हुए भव्य समारोह मे लगातार तीसरी बार चुने गये ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू को जिला अर्थसांख्यिकी अधिकारी राजेश सिंह ने शपथ ग्रहण कराया। इसके ठीक बाद प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने बीडीसी सदस्यो को भी समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कराया। यहां बतौर मुख्यअतिथि सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना मौजूद रहीं। रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर भी नवनिर्वाचित प्रमुख नीतू पासी के शपथ ग्रहण समारोह मे भव्यता दिखी। बीडीओ दिनेश यादव के संयोजन मे यहां क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान प्रतापगढ़ के प्राचार्य शिवप्रकाश ने नवनिर्वाचित प्रमुख नीतू को शपथ दिलाई।

## अधिकारियों ने नियुक्ति का झांसा दे कर भूमिधरी जमीन पर बना दिया सामुदायिक शौचालय

अखंड भारत संदेश

**बहरिया।** ब्लाक के अधिकारियों ने वीरेन्द्र की पतनी मनोजा देवी सरायचण्डी देवापुर भोपतपुर प्रयागराज को सामुदायिक शौचालय में नियुक्ति करने का झांसा दे कर उसके भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 202 में निर्माण करवा दिया तथा उसकी पतनी मनोजा देवी को गंगा महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सामुदायिक शौचालय मे साफ सफाई के लिए नियुक्ति कर दी वह नियमित रूप से शौचालय की देखरेख व साफ सफाई करती थी तथा पति की दयनीय स्थिति होने के कारण उसी पैसे से अपने परिवार का निर्वाह करती थी लेकिन ब्लाक के अधिकारी ने मनोजा देवी के स्थान पर उसी गांव की किरन देवी पतनी कृष्ण कुमार भारतीया की नियुक्ति कर दी वह भी गंगा महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य है।अब वह सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई करती है वीरेन्द्र कुमार का कहना है कि मेरी पतनी की नियुक्ति की बात कहकर मेरे भूमिधरी जमीन पर निर्माण करवाया गया था लेकिन मेरी पतनी के स्थान पर दूसरी महिला की नियुक्ति कर दी गई है इसकी शिकायत को वह ब्लाक बहरिया से लेकर जिले के अधिकारियों तक प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया है।

## कुण्डा में ब्लाक प्रमुख रीता सिंह को एसडीएम ने दिलाई शपथ




**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक मुख्यालय कुंडा में ब्लाक प्रमुख रीता सिंह पतनी पूर्व प्रमुख संतोष कुमार सिंह को कुंडा उपजिलाधिकारी संतोष कुमार त्रिपाठी ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद ब्लाक प्रमुख रीता सिंह ने सभी बीडीसी सदस्यों को पद गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया भी शामिल हुए जिनका ब्लाक प्रमुख व बीडीसी सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। राजा भैया ने सभी को जीत की शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार ब्यक्त किये। इसके बाद ब्लाक कालाकांकर के सभागार कक्ष में दोपहर एक बजे नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख रमेंश सरोज के संग बीडीसी सदस्यों को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान कालाकांकर के प्राचार्य अनूप कुमार ने ब्लाक प्रमुख व बीडीसी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कौशाम्बी पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार सरोज व बाबागंज विधायक बिनोद सरोज को पूर्व ब्लाक प्रमुख बीएन सिंह व राजा भैया प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव ने फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व ब्लाक प्रमुख बीएन सिंह ने किया। इस मौके पर बीडीओ अपर्णा सैनी, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख रमेश सिंह, प्रकाशचन्द त्रिपाठी सहित नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान जिला पंचायत सदस्य के साथ ब्लाक मुख्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार की पत्नी को सौंपी तीस हजार की सहयोग राशि

**प्रतापगढ़।** जिले के एबीपी न्यूज चैनल के पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर लालगंज तहसील क्षेत्र के पत्रकारों की ओर से तीस हजार रूपये की सहयोग राशि प्रदान की गई है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की ओर से संग्रह की गई धनराशि को प्रदेशीय महासचिव ज्ञानप्रकाश शुक्ल व वरिष्ठ पत्रकार डा. आशीष सिंह ने नगर के स्टेशन रोड स्थित आवास पर पहुंचकर दिवंगत साथी पत्रकार की पतनी रेणुका श्रीवास्तव को यह नकद धनराशि सौंपी। रेणुका ने मदद के लिए लालगंज क्षेत्र के पत्रकारों का धन्यवाद जताया। वहीं प्रदेशीय महासचिव ज्ञानप्रकाश शुक्ल व आशीष सिंह ने दिवंगत साथी पत्रकार सुलभ की पतनी को यह भी भरोसा दिलाया कि हर पारिवारिक जरूरत पर लालगंज क्षेत्र के पत्रकार सहयोग के लिए सदैव तत्पर मिलेगें। पति के साथी पत्रकारों के द्वारा सहयोग राशि एकत्र कर सामूहिक मदद को लेकर रेणुका भावुक भी हो उठी।

## शिवगढ़ में ब्लाक प्रमुख सत्यम ओझा को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा के मुख्य आतिथ्य में ब्लॉक परिसर शिवगढ़ में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उप जिलाधिकारी रानीगंज ज्ञानेंद्र विक्रम ने ब्लॉक प्रमुख सत्यम ओझा को खण्ड प्रमुख पद की शपथ दिलाई।

तत्पश्चात खण्ड प्रमुख सत्यम ओझा ने समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य गण को शपथ दिलाया। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि मंत्री मोती सिंह, विधायक धीरज ओझा एवं खण्ड प्रमुख सत्यम ओझा का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। स्वागत भाषण के दौरान क्षेत्रीय विधायक धीरज



ओझा ने कहा कि क्षेत्र पंचायत में परंपरागत अराजकता एवं भय के माहौल को खत्म करने में क्षेत्र पंचायत सदस्यों का जो सहयोग मिला उसके लिए वे आजीवन आभारी रहेंगे। मुख्य अतिथि मंत्री मोती सिंह ने विकास खंड के युवा खण्ड प्रमुख के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपना सेनेहिल आशीर्वाद प्रदान किया तथा विकास खंड के सौंदर्यीकरण कार्यों की रूपरेखा तैयार किये जाने के साथ परिसर में मनरेगा योजना एक मॉडल तालाब के निर्माण का आदेश दिया। इस दौरान प्रदेश सह संयोजक ओम प्रकाश त्रिपाठी, भाजपा नेता राजेन्द्र मिश्र, महामंत्री राजेश सिंह, पूर्व प्रमुख गौरा राकेश सिंह एवं वेद प्रकाश सिंह, नीरज ओझा, अजय ओझा इत्यादि उपस्थित रहे।

## रेल कर्मी ने ब्लड डोनेट कर बचाई जान

**प्रतापगढ़।** किसी जरूरत मंद को खून देकर उसका जीवन बचाना पुण्य का काम होता है। प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के रेल कर्मी प्रवीण ने मर रहे एक अपरिचित व्यक्ति को अपना खून देकर उसकी जान बचाकर इंसानियत की मिशाल पेश की है। उन्होंने यह कर दिखाया कि अभी भी कुछ लोग हैं जो बिना किसी स्वार्थ के दूसरों की मदद को आगे रहते हैं। जोगापुर के गिरजाशंकर वर्मा को खून की कमी हो गई थी। डॉक्टरों ने इलाज करने से हाथ खड़े कर दिये थे। इनके घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। घर और परिचितों के यहां भी कोई ब्लड देने वाला नजर नहीं आया। घरवाले निराश हो चुके थे। गिरजाशंकर ने खाना पीना छोड़ दिया। कब सांस की डोर टूट जाय पता नहीं। संयोग से इनके बच्चे गांव के जिस प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। यह बात जब वहां के शिक्षक राजेश कुमार को पता चली तो उन्हें गिरजाशंकर और बच्चों की चिंता हुई। उन्होंने ब्लड डोनर की तलाश शुरू कर दी। सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर उन्होंने अपने स्तर से इस समस्या को वायरल कर लोगों से ब्लड देने की अपील की। गिरजाशंकर का ग्रुप ए पॉजिटिव था। जो ब्लड बैंक में भी उपलब्ध नहीं था। आखिरकार टीचर की कोशिश रंग लाई। प्रतापगढ़ रेल महकमे के कर्मचारी प्रवीण कुमार ने वायरल मैसेज को पढ़ा।

# पट्टी के चारों ब्लाकों में हुआ ब्लाक प्रमुख का शपथ ग्रहण समारोह

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ब्लाक प्रमुख चुनाव में निर्विरोध जीते मंगरौरा के ब्लाक प्रमुख राजीव प्रताप सिंह नंदन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मौजूद उनके पिता व प्रदेश सरकार के मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने कहा कि मंगरौरा सहित चारों ब्लाकों का विकास अब ब्लाक प्रमुखों के माध्यम से होगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख नंदन ने कहा कि वह अपने पिता जी के पदचिन्हों पर चलकर क्षेत्र का विकास करेंगे। श्री मोती सिंह मंगरौरा के बाद पट्टी, बाबा बेलखरनाथ व आसपुर देवसरा के




शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मंगलवार को विकास खंड पट्टी से निर्विरोध ब्लाक प्रमुख राकेश सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने ब्लॉक सभागार पट्टी में सभी बीडीसी सदस्यों की मौजूदगी में पद और गोपनीयता की शपथ लिया। विकास खंड पट्टी के ब्लॉक सभागार में विकासखंड पट्टी के 63 क्षेत्र पंचायत सदस्य की उपस्थिति के बीच में शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। उसके बाद खंड विकास अधिकारी पट्टी आरपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रदीप सिंह उर्फ वाले मंगरौरा ब्लॉक प्रमुख राजीव प्रताप नंदन, बाबा बेलखरनाथ धाम के ब्लाक प्रमुख सुशील कुमार सिंह, एसडीएम पट्टी डीपी सिंह, पट्टी कोतवाल गणेश प्रसाद, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## केंद्र सरकार ने फोन जासूसी कराकर लोकतंत्र के लिए पहुंचाया बड़ा आघात : प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय सरकार द्वारा इजरायली स्पाइवेयर पेगासस कंपनी द्वारा देश के सबसे बडे विरोधी दल के नेता राहुल गांधी एवं अपनी ही सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल एवं अश्विनी वैष्णव तथा सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश एवं राज्यसभा सांसद रंजन गगोई व पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा एवं वरिष्ठ पत्रकारों समेत तीन सौ लोगों के फोन की जासूसी कराये जाने को भारतीय लोकतंत्र के लिए शर्मनाक एवं काला अध्याय कहा है। श्री तिवारी ने कहा कि फ्रांस की संस्था फॉरबिडेन स्टोरीज के द्वारा लीक नंबरो के आधार पर तैयार की गई रिपीट अत्यन्त चिंताजनक है। उन्होनें फोन हैक कर जासूसी कराए जाने को भारतीय लोकतंत्र के चारों स्तम्भों न्यायपालिका, विधायिका एवं पत्रकारिता तथा कार्यपालिका की मान मर्यादा को मोदी सरकार द्वारा ध्वस्त किये जाने का दुखद काला दाग भी कहा है।



## भारतीय टीम में अपनी रोल को लेकर बोले एसकेवाई, पिछले 2 साल से यही कर रहा हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने रविवार को कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच से वनडे में अपना डेब्यू किया। उनके साथ साथ ईशान किशन ने भी इस मैच से वनडे में अपना डेब्यू करते हुए 42 गेंदों में 59 रनों की तेज पारी खेली। यादव ने कप्तान शिखर धवन के साथ खेलते हुए 20 गेंदों पर 31 रन बनाकर फिनिशर की भूमिका निभाते हुए भारत को सात विकेट से जीत दिला दी। टीम में फिनिशर की रोल के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा कि यह कुछ ऐसा है, जिसे वह पिछले दो साल से कर रहे हैं और नेट्स पर वह इसी की तैयारी करते हैं। मिडल ऑर्डर बल्लेबाज यादव ने ब्रॉडकास्टर के साथ बातचीत के दौरान कहा, ' इसका पूरा आनंद लिया (एक फिनिशर की भूमिका निभाने पर)। मैं पिछले दो साल से यही काम कर रहा हूं और मैंने बस उसी तरह बल्लेबाजी करने की कोशिश की जैसे कि मैं नेट्स पर करता हूं। मुझे लगता है कि इस खेल के जुनून ने मुझे आगे बढ़ाया।'

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज से अपना टी20 डेब्यू किया था।

# क्यों प्रैक्टिस मैच से नहीं खेले विराट कोहली-अजिंक्य रहाणे? आवेश खान के अंगूठे में लगी गंभीर चोट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के नियमित कप्तान विराट कोहली और टेस्ट उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे को मामूली चोट के कारण काउंटी इलेवन (सिलेक्ट काउंटी इलेवन) के खिलाफ मंगलवार से शुरू हुए फर्स्ट क्लास प्रैक्टिस मैच से आराम दिया गया। इस मुकाबले में विरोधी टीम की ओर से खेल रहे भारत के रिजर्व फास्ट बॉलर आवेश खान का अंगूठा चोटिल हो गया। उन्हें यह चोट हनुमा विहारी के शॉट को रोकते समय लगी। मोहम्मद शमी, ईशांत शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के साथ दोनों अनुभवी बल्लेबाजों को आराम दिए जाने को लेकर बीसीसीआई ने जानकारी दी।



बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि, 'कोहली को सोमवार की देर शाम पीठ में कुछ जकड़न महसूस हुई और उन्हें बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने तीन दिवसीय फर्स्ट क्लास मैच से आराम करने की सलाह दी है।' उन्होंने बताया, 'उपकप्तान अजिंक्य रहाणे की बाएं पैर की मांसपेशियों के आसपास हल्की सूजन है। उन्हें इसका इंजेक्शन दिया गया है। वह तीन दिवसीय फर्स्ट क्लास मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे।' उन्होंने कहा, 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम हालांकि, उनकी (रहाणे) निगरानी कर रही है और उम्मीद है कि इंग्लैंड के खिलाफ चार अगस्त से नॉटिंघम में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए वह समय पर पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे।'

चूंकि यह फर्स्ट क्लास मैच है, इसलिए सिर्फ बल्लेबाजी करने का विकल्प नहीं है। इसमें फील्डिंग भी करनी होगी। आवेश के चोटिल होने से भारतीय टेस्ट टीम को एक और झटका लगा। ईसीबी के काउंटी इलेवन का प्रतिनिधित्व कर रहे इस गेंदबाज के अंगूठे में गंभीर चोट लगी है। आवेश का पहला स्पैल अच्छा नहीं था, जब मयंक अग्रवाल ने उनके खिलाफ आसानी से बाउंड्री जड़ी। उन्होंने हालांकि दूसरे और तीसरे स्पैल में बेहतर गेंदबाजी की। लंच के बाद के सेशन के दौरान अपने तीसरे स्पैल में आवेश विहारी के शॉट को रोकते समय अंगूठा चोटिल कर बैठे। उन्हें दर्द से कराहते देखा गया और भारतीय फिजियो मैदान में आए और अंगूठे पर पट्टी बांधी गई। डरहम काउंटी के यूट्यूब चैनल पर कमेंटेटरों ने कहा कि यह अंगूठे की गंभीर चोट हो सकती है।



## मिताली राज फिर बनीं नंबर-1 बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला वनडे टीम की कप्तान मिताली राज ने आईसीसी वनडे प्लेयर्स रैंकिंग में बल्लेबाजों की लिस्ट में फिर से टॉप स्थान हासिल कर लिया है। मंगलवार को जारी वनडे रैंकिंग में मिताली को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह पहले भी नंबर वन स्थान पर थी, लेकिन पिछली बार रैंकिंग जारी होने पर वह नीचे खिसक गई थी। मिताली के अब सबसे ज्यादा 762 रेटिंग प्वाइंट हो गए हैं। भारतीय कप्तान अपने वनडे करियर में अब तक नौवीं बार नंबर वन पायदान पर पहुंची हैं। वह 16 साल पहले पहली बार नंबर वन बनीं थी। पिछले सप्ताह ही नंबर-1 बल्लेबाज बनीं वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर को चार स्थानों का नुकसान हुआ है और अब वह पांचवें नंबर पर खिसक गई है। साउथ अफ्रीका की लिजेली ली, ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हैली और इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है और अब वे क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे नंबर पर पहुंच गई हैं। भारत की स्मृति मंधाना 701 रेटिंग प्वाइंटस के साथ नौवें नंबर पर कायम हैं। मिताली और मंधाना के अलावा और कोई बल्लेबाज टॉप-10 में शामिल नहीं है।

# बीसीसीआई पर लगा आईपीएल को प्रायोरिटी देने का आरोप, बोर्ड सचिव जय शाह ने दिया जवाब

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रणजी ट्रॉफी जैसे नेशनल टूर्नामेंटों की जगह ग्लैमर और चकाचौंध से भरे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को तरजीह देने के आरोपों को अनुचित और गैरजरूरी करार देते हुए कहा कि इस लीग के 60 मैचों के आयोजन और घरेलू मुकाबलों के 2000 से अधिक मैचों के आयोजन में जमीन-आसमान का फर्क है।

कोविड-19 महामारी के दौरान हजारों खिलाड.ियों और सहायक कर्मचारियों के लिए जैव-सुरक्षित माहौल बनाने की परिचालन संबंधी कठिनाइयों के कारण पिछले साल रणजी ट्रॉफी का आयोजन नहीं हुआ था। टूर्नामेंटों के आयोजन नहीं होने से खिलाड.ियों की कमाई नहीं हो सकी, तो वहीं दूसरी तरफ बीसीसीआई को आईपीएल पर ज्यादा ध्यान देने के कारण काफी आलोचना का सामना करना पड़ा।

भारतीय क्रिकेट टीम ने पूर्व क्रिकेटर यशपाल शर्मा को दी श्रद्धांजलि, काउंटी सिलेर्क्ट ॅघ्



प्रैक्टिस मैच में काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे खिलाड़ी 'गल्फ न्यूज' के मुताबिक टी-20 वर्ल्ड कप और इंडियन प्रीमियर लीग की तैयारियों के लिए दुबई और मस्कट गए शाह ने कहा, 'मुझे लगता है कि आलोचना गैरजरूरी और अनुचित है। हमने 2020 में भी महामारी के बीच में, सभी सावधानियों के साथ सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट, विजय हजारे टूर्नामेंट और सीनियर महिला वनडे टूर्नामेंट का आयोजन किया।' शाह ने कहा कि दोनों (आईपीएल और घरेलू सीजन) आयोजनों में मैचों की संख्या और आवश्यक लॉजिस्टिक्स की तुलना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, 'आईपीएल की तुलना किसी अन्य भारतीय घरेलू टूर्नामेंटों से करना सही आंकलन नहीं होगा। आईपीएल फ्रैंचाइजी आधारित टूर्नामेंट है और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों, कोचों, सपोर्ट स्टाफ के लिए एक मंच है, जहां वे अपना कौशल दिखा सकते हैं।' शाह ने कहा, 'भारतीय घरेलू सीजन में 2000 से अधिक मैच होते हैं, जबकि आईपीएल में 60 मैच खेले जाते हैं। भारत में क्रिकेट प्रणाली काफी बड़ा और विविधतापूर्ण है, जब इतने सारे राज्य कोविड-19 महामारी से जूझ रहे हो तब पूरे सीजन का आयोजन करना आसान नहीं होगा।'

आईपीएल का आयोजन सात सप्ताह का होता है, जबकि पुरुषों, महिलाओं और आयु वर्ग के क्रिकेट के साथ पूरे घरेलू सीजन में 38 टीमों के साथ पूरा होने में लगभग छह महीने लगते हैं। शाह ने अंडर-19 और अंडर-16 टूर्नामेंटों के आयोजन नहीं करने को सही ठहराते हुए कहा, 'आपको पूरे घरेलू सीजन में यात्रा और इसमें लगने वाले समय को भी ध्यान में रखना होगा।

ऐसी परिस्थितियों में वे अपनी जान जोखिम में डाल रहे होंगे, जो कभी नहीं होना चाहिए। ऐसे माहौल में आयु वर्ग के टूर्नामेंट का आयोजन करना और युवा क्रिकेटरों के करियर को खतरे में डालना सही नहीं है।' उन्होंने कहा, 'हमने स्थिति में सुधार के बाद पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए आयु समूहों में 2127 घरेलू मैचों के पूरे सीजन की घोषणा की है।

## श्रीलंका की बैटिंग पर वीरेंद्र सहवाग ने लिए मजे, इशारों में ही बता दिया टीम का हाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिखर धवन के खिलाफ श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका ने एक बार फिर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और भारत से पहले बॉलिंग करवाई। उनका यह फैसला सही साबित हुआ और सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। हालांकि इसके बाद श्रीलंका के विकेट लगातार गिरते रहे। टीम ने 134 रनों के स्कोर पर चोटी के चार बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। टीम की ऐसी हालत पर भारत के पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने जमकर मजे लिए हैं। उन्होंने एक फोटो शेयर कर श्रीलंका टीम पर चुटकी ली है। सहवाग ने जो फोटो शेयर की है, वह श्रीलंकाई पारी के दौरान की है। इसमें सहवाग की दो फोटो दिखाई दे रही हैं। यहां सहवाग ने टॉस से पहले और टॉस के बाद का हाल बताया है। पहले फोटो में सहवाग टॉस से पहले अपने आईपैड पर मैच देखते नजर आ रहे हैं और दूसरे फोटो में वे टॉस के बाद सोते



नजर आ रहे हैं। यह साफ समझा जा सकता है कि जैसे ही श्रीलंका इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करती है, वैसे ही सहवाग को बोरियत का अहसास होने लगता है। सहवाग की इस पोस्ट को उनके फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम ने पूर्व क्रिकेटर यशपाल शर्मा को दी श्रद्धांजलि, काउंटी सिलेर्क्ट ॅघ् प्रैक्टिस मैच में काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे खिलाड़ी इस मैच में श्रीलंका ने चरिथ असालांका और सलामी बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो की फिफ्टी के दम पर भारत के सामने 276 रनों का टारगेट रखा। असालांका ने 68 गेंद में छह चौकों की मदद से 65 रन की करियर की बेस्ट पारी खेली, जबकि फर्नांडो ने 71 गेंद में 50 रन बनाए। निचले क्रम में चमिका करुणारत्ने ने 33 गेंदों में 44 रनों की नाबाद और तेजतर्रार पारी खेली, जिससे टीम अंतिम 10 ओवर में 79 रन जोड़ने में सफल रही। करुणारत्ने ने असालांका के साथ सातवें विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी भी की।

### सचिन तेंदुलकर ने भारतीय एथलीटों को दी अपनी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने उतर रहे भारतीय एथलीटों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए मंगलवार को कहा कि दबाव हमेशा आपका साथी रहेगा लेकिन आपने अपने प्रदर्शन से उम्मीदों का आसमान ऊंचा कर दिया है। तेंदुलकर ने इस दौरान टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने जा रहे भारत के 26 एथलीटों को वचुर्अल विदाई



भी दी।

मास्टर ब्लास्टर तेंदुलकर ने 26 एथलीटों को वचुर्अल विदाई समारोह में कहा, ' आप सबने इन मुश्किल समय में कड़ी मेहनत की है आपने सुना होगा कि जीत और हार खेल का ही हिस्सा हैं, तो क्यों न हम जीतें और दूसरों को हारने दें। जब आप पदक जीतेंगे, तिरंगा ऊपर जाएगा, राष्ट्रीय धुन बजेगी तो यह आपके जीवन का सबसे बड़ा पल होगा। टोक्यो से समारोह के साथ जुड़े भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र ध्रुव बत्रा ने कहा कि उनका मानना है कि भारतीय एथलीट ओलंपिक पदक जीतने के कगार पर हैं और मैं जानता हूं कि एथलेटिक्स पदक ज्यादा दूर नहीं है। भारतीय एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष आदिल जे सुमारिवाला ने कहा, ' इन 26 एथलीटों ने लहेलों के सबसे बड़े मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार पाया है। लेकिन साथ ही उनपर अपना बेस्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवान्वित करने की जिम्मेदारी भी आ गई है।'

## प्रैक्टिस मैच में काली पट्टी पहनकर क्यों उतरी टीम इंडिया

भारतीय क्रिकेट टीम इस समय इंग्लैंड के डरहम में काउंटी सिलेर्क्ट ॅघ् के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेल रही है। चेस्टर ली स्ट्रीट के रिवरसाइड ग्राउंड पर खेले जा रहे इस मैच में टॉस जीतकर भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी कर रही है। मैदान पर उतरने से पहले भारतीय टीम ने 1983 के वर्ल्ड विनिंग टीम के सदस्य रहे पूर्व क्रिकेटर यशपाल शर्मा को अपनी श्रद्धांजलि दी। यशपाल शर्मा जी के सम्मान में टीम इंडिया के खिलाड़ी मैच के पहले दिन अपने बाजू पर काली पट्टी बांधकर मैच खेलने उतरे।



साल 1983 में भारतीय टीम को वर्ल्ड चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व क्रिकेटर यशपाल शर्मा का 13 जुलाई को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 66 साल के थे। यशपाल 1983 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के हीरो रहे थे। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 120 गेंदों पर 89 रन की शानदार पारी खेली थी। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 240 रन बनाए थे और भारत वर्ल्ड चैम्पियन बनने में सफल रहा था। यशपाल ने भारत की ओर से कुल 37 टेस्ट और 42 वनडे इंटरनेशनल मैच खेले।

# भुवनेश्वर कुमार ने 5 साल में पहली बार डाली नो बॉल, बल्लेबाज नहीं उठा पाया फायदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच खेला जा रहा है। श्रीलंका ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया है। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई कर रहे हैं। भुवनेश्वर ने अपने तीन ओवर में केवल 12 रन ही दिए। इस दौरान हालांकि उन्होंने एक नो बॉल भी फेंकी , जोकि 2016 के बाद से वनडे में उनकी पहली नो बॉल है। भुवनेश्वर ने टीम के पांचवें ओवर की पहली गेंद



नो बॉल के रूप में फेंकी। भुवी ने वनडे में 3093 गेंदें फेंकने के बाद पहली बार नो बॉल डाली है। हालांकि उनके इस नो बॉल पर सलामी बल्लेबाज मिनोद भानुका कोई बड़ा शॉट नहीं खेल पाए। भानुका इस बॉल को मिड विकेट के ऊपर से मारना चाहते थे, लेकिन वह बीट हो गए। 31 साल के तेज गेंदबाज ने वनडे में अब तक केवल पांचवीं बार ही नो बॉल डाला है। 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ डाले गए नो बॉल के बाद से उनकी यह पहली नो बॉल है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ उस सीरीज में पांच मैचों में सात विकेट लिए थे। हालांकि भारत को सीरीज में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हरा दिया था। इस जीत के साथ मेहमान टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली थी। भारतीय टीम अगर दूसरा वनडे भी जीत जाती है, तो वह सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना लेगी और साथ ही सीरीज भी अपने नाम कर लेगी। भारतीय टीम की श्रीलंका के खिलाफ यह लगातार नौवीं सीरीज जीत होगी।

# प्रधानमंत्री सुगा ने कहा- दुनिया को दिखाना है कि जापान सुरक्षित तरीके से ओलंपिक की मेजबानी कर सकता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने टोक्यो ओलंपिक से पहले खेल अधिकारियों से कहा कि दुनिया को यह दिखाना है कि जापान ओलंपिक खेलों की सुरक्षित मेजबानी कर सकता है। कोरोना महामारी के बीच घोषित आपातकाल की स्थिति में हजारों खिलाड़ी, अधिकारी, स्टाफ और मीडियाकर्मी जापान पहुंच रहे हैं। मुकाबले बुधवार से शुरू हो जाएंगी जब सॉफ्टबॉल और महिला फुटबॉल के मुकाबले होंगे।सुगा ने इंटरनेशनल ओलंपिक समिति के सदस्यों के साथ बैठक के दौरान कहा, ' दुनिया बड़ी समस्याओं से घिरी है। ऐसे में हमें ओलंपिक की सफल मेजबानी करनी है। जापान को यह दुनिया को दिखाना है। हम जापान के लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखेंगे। सुगा ने स्वीकार किया कि ओलंपिक तक जापान के सफर की रफ्तार कई बार मंद पड़ी, लेकिन उन्होंने कहा



कि टीकाकरण शुरू होने के बाद लंबा इंतजार खत्म होता दिख रहा है। जापान में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ओलंपिक के दौरान विदेशों से इतने सारे पर्यटकों को आने की अनुमति देने पर सवाल उठाये थे। ओलंपिक में स्थानीय या विदेशी दर्शक नहीं होंगे।आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक को दो सप्ताह पहले यहां पहुंचने के बाद से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेल शांति, एकजुटता और सद्भाव का संदेश देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि खेलों को रद्द करना कभी विकल्प नहीं था। आईओसी अध्यक्ष ने मेजबानों की प्रशंसा करते हुए कहा, ' दुनिया भर में अरबों लोग ओलंपिक खेलों का अनुसरण करेंगे और उनकी सराहना करेंगे। खेलों के आयोजन से दुनिया भर के प्रसारकों से तीन बिलियन डॉलर (लगभग 2.23 खरब रूपये) से अधिक का राजस्व प्राप्त होगा। यह स्विट्जरलैंड स्थित आईओसी के संचालन में मदद करता है। आईओसी इस रकम से 206 राष्ट्रीय टीमों और ओलंपिक खेलों के शासकीय निकायों के साथ करोड़ों डॉलर साझा करता है। बाक ने कहा कि आईओसी ओलंपिक और पैरालंपिक के टोक्यो आयोजकों को 1.7 बिलियन डॉलर (लगभग 1.26 खरब रुपये) का योगदान दे रहा है।

## टोक्यो 2020 के सीईओ ने दिए संकेत, अंतिम समय में रद्द भी हो सकते हैं ओलंपिक गेम्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक को शुरू होने में अब दो दिन का ही समय बचा है और इससे पहले ही यहां कई एथलीटों के कोरोना पॉजिटिव होने की खबरें आ रही है। ऐसे में टोक्यो 2020 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तोशिरो मुटो ने एक बड़ा बयान दिया है। मुटो ने मंगलवार को कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अंतिम मिनटों में भी ओलंपिक को रद्द किया सकता है। उन्होंने कहा कोरोना पॉजिटिवों की संख्या में हो रही बढ़ोतरी ने आयोजनकर्ताओं के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब मुटो से यह पूछा गया कि शुक्रवार से शुरू होने वाले टोक्यो ओलंपिक खेलों को अभी भी रद्द किया जा सकता है, तो उन्होंने कहा कि वह



संक्रमण की संख्या पर नजर रखेंगे और अगर आवश्यक हुआ तो इस बारे में आयोजकों के साथ चर्चा करेंगे।

मुटो ने कहा, ' हम यह अंदाजा नहीं लगा सकते हैं कि कोरोनो वायरस के मामले कितने बढ़ेंगे। इसलिए अगर मामलों में बढ़ोतरी होती है तो हम चर्चा जारी रखेंगे। हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि कोरोनो वायरस स्थिति के आधार पर, हम फिर से पांच दलों की बैठक बुलाएंगे। ऐसे समय पर कोरोना वायरस के मामले बढ़ सकते हैं या गिर सकते हैं, इसलिए हम देखेंगे कि स्थिति आने पर हमें क्या करना चाहिए।' टोक्यो में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

### मूसलाधार बारिश से उत्तर बिहार में बढ़ा नदियों का जलस्तर

# बाढ़ का खतरा, कमला, कोशी और बागमती खतरे के निशान से ऊपर

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर और मोतिहारी में पिछले 24 घंटों में हुई मूसलाधार बारिश की वजह से उत्तर बिहार के कई जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इससे आसपास के इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। कमला, कोशी और बागमती कई इलाकों में खतरे के निशाने से ऊपर बहने लगी है।

सोमवार देर रात से मंग दस बजे दिन तक हुई बारिश से एक बार फिर से बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। कमला नदी में जयनगर में दूसरी बार उफना रही है। सुबह में डाउन स्ट्रीम में 68 सेमी पर बहने बाली नदी का जलस्तर दिन के 12 बजे तक एक मीटर बढ़कर 69 सेमी पर पहुंच गया। नदी की पेटी अर्थात निचले इलाके में बसे इस्लामपुर, कबीर कुटी मुहल्ला, डोरवाड, छरकी, ब्रम्होतरा, टेढा गांव में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। बाबूबरही में कमला बलान नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण जहां बक्साही घाट के स्परों वाले जगहों में पानी का दबाव बना हुआ है, वहीं आसपास के इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मधेपुर में भी कोशी नदी में लगातार जलस्तर में वृद्धि हो रही है।



बागमती नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश होने से मंगलवार को इसके जलस्तर में तेजी से वृद्धि होने लगी है। सुबह से शाम तक लगातार वृद्धि होती जा रही है। बागमती नदी के डुब्बा धार में शाम 6 बजे तक इसका जलस्तर बढकर 61 मीटर 51 सेंटीमीटर हो गया। जो खतरा के निशान से 23 सेंटीमीटर उपर है। और इसके जलस्तर में वृद्धि होने की प्रवृत्ति बनी हुई है। जलस्तर में वृद्धि तथा सुरक्षा तटबंध में रिसाव होने पर मंगलवार को बागमती विभाग के आला अधिकारी कैंप किए हुए हैं। बागमती विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जलस्तर में वृद्धि हो रही है लेकिन तटबंध सुरक्षित है। तटबंध में हो रहा रिसाव बंद करा लिया गया है। विभाग के अधिकारी व कर्मी को लगातार तटबंधों पर कड़ी निगरानी करते रहने का निर्देश दिया गया है।

मोतिहारी के सुगौली ब्लॉक के निचले इलाके में फिर धीमी गति से सिकरहना नदी के जलस्तर में वृद्धि होने लगी है। पिछले एक माह से अधिक समय से इस ब्लॉक की बड़ी आबादी बाढ़ का कहर झेल रही है। तेतरिया ब्लॉक के कुछ पंचायतों में बाढ़ में मामूली सुधार हो रहा है, लेकिन कोठिया सहित अन्य गांव अब भी बाढ़ से घिरे हैं। बंजरिया ब्लॉक से गुजर रही सिकरहना नदी के जलस्तर में उतार चढाव जारी है। बाढ़ से ध्वस्त सड़कों से आवागमन में परेशानी हो रही है। केसरिया ब्लॉक के मझरिया, मुजवनिया सहित तीन गांव अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं। अरेराज के आधा दर्जन गांव अब भी बाढ़ से घिरे हैं। गंडक और बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है। डुमरिया घाट में गंडक नदी का जलस्तर स्थिर बना है। गंडक चटिया में जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। लाल बेगिया सिकरहना ने जलस्तर स्थिर है, जबकि लाल बकेया गुवाबारी के जलस्तर में गिरावट आई है। अहिरौलिया में बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। गंडक बराज वाल्मीकि नगर ने मंगलवार को 1,56,700 क्यूसेक पानी छोड़ा है।



## कोरोना के खिलाफ वयस्कों से ज्यादा मजबूत हैं बच्चे, खोले जा सकते हैं स्कूल, कई देशों में बंद ही नहीं हुएः केंद्र सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में बच्चों की लगातार ठप पड़ी पढ़ाई से चिंतित लोग अकसर यह सवाल पूछते हैं कि आखिर स्कूल कब खुलेंगे? इस सवाल का जवाब देते हुए आईसीएमआर के महानिदेशक बलराम भार्गव ने मंगलवार को गुड न्यूज दी। उन्होंने कहा कि बच्चे कोरोना के खिलाफ काफी मजबूत हैं और वे वयस्कों के मुकाबले इससे ज्यादा अच्छे ढंग से निपट सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का भी एंटीबॉडी एक्सपोजर उतना और वैसा ही है, जैसा वयस्कों में है। उन्होंने कहा कि स्वीडन जैसे कई स्कैंडिनेवियन देशों ने तो कोरोना की किसी भी लहर के दौरान प्राइमरी स्कूलों को बंद ही नहीं किया। उन्होंने कहा कि किशोरों के मुकाबले छोटे बच्चों में इम्युनिटी ज्यादा बेहतर होती है। बलराम भार्गव ने कहा कि देश में स्कूलों में को जब खोलने का विचार किया जाएगा तो सबसे बेहतर होगा कि प्राइमरी स्कूलों को पहले खोला जाए। सेकेंडरी स्कूलों के मुकाबले प्राइमरी स्कूलों को वरीयता दी जाए। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्राइमरी स्कूलों को खोलने से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि स्कूल के पूरे सपोर्ट स्टाफ का वैक्सीनेशन हो जाए। भार्गव ने कहा, 'स्कूल बस के ड्राइवर, टीचर्स समेत सारे स्टाफ को टीका लगा होना चाहिए। तभी स्कूलों को खोलने की परमिशन मिलनी चाहिए।'

इसके साथ ही आईसीएमआर के महानिदेशक ने कोरोना के खतरे को देखते हुए सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भीड़ जुटने से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, 'देश में अब भी सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक आयोजनों को नहीं करना चाहिए। इसके अलावा बेवजह घूमने को भी प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। जरूरी होने पर और पूरी तरह से टीकाकरण होने के बाद ही यात्रा की जानी चाहिए। जरूरी है कि देश में सभी हेल्थकेयर वर्कर्स का पूरी तरह से वैक्सीनेशन हो जाए। इसके अलावा हमें बुजुर्गों, महिलाओं आदि का वैक्सीनेशन तेज करना चाहिए। इसी दौरान संसद में कोरोना पर बहस का जवाब देते हुए हेल्थ मिनिस्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा यह कहती रही है कि कोरोना का यह संकट राजनीति की वजह नहीं होना चाहिए। इस संकट को लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।



## 17 साल बाद हटाया गया पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का नेमप्लेट, कमरे में अब जेपी नड्डा बैठेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आखिरकार 17 साल बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नेमप्लेट कमरे के दरवाजे के पास से हटा दिया गया है। अब इस कमरे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), के मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा बैठेंगे। हम बात कर रहे हैं संसद भवन के कमरा नंबर-4 की। यह कमरा बीजेपी के संसद भवन के ऑफि़स के ठीक बगल में है। साल 2004 में जब अटल बिहारी वाजपेयी हार गए थे तब एनडीए के अध्यक्ष के तौर पर उन्हें यह कमरा दिया गया था। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री इस कमरे में बहुत कम बैठते थे। साल 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री के निधन के बाद भी उनके नाम का यह नेम प्लेट इस कमरे के बाहर लगा हुआ था। उनके नेम प्लेट के ठीक बगल में अटल बिहारी वाजपेयी के बेहद करीबी और बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी का नेम प्लेट भी था। साल 2004 में बीजेपी की हार और यूपीए की जीत के बाद से कमरा नंबर-4 अटल बिहारी वाजपेयी को मिला था। चूकि पूर्व पीएम इस कमरे में काफी कम बैठते थे लिहाजा यह कमरा साल 2009 में लालकृष्ण आडवाणी को दिया गया और उनका नेम प्लेट भी लगाया गया था।

साल 2019 में चुनाव से ठीक पहले तक आडवाणी यहां बैठते थे। हालांकि, 2014 में एक दिन के लिए उनकी नेमप्लेट हटा दी गई थी और वे नाराज होकर सेंट्रल हॉल में बैठ गए थे। उसके अगले ही दिन फिर से आडवाणी की नेमप्लेट लगा दी गई थी। बहरहाल अब इस कमरे में भाजपा के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बैठेंगे। मंगलवार को इस कमरे के बाहर लगे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नेमप्लेट हटा दिया गया। इससे पहले जेपी नड्डा राज्यसभा के सदस्य के लिए रिजर्व किये गये एक कमरे का इस्तेमाल किया करते थे। आपको बता दें कि साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में जब सत्ता आई तब उसके बाद लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के मार्गदर्शक ग्रुप का सदस्य बनाया गया।

# 'ऑक्सीजन की कमी से कोई नहीं मरा', कोरोना की दूसरी लहर में हुई मौतों पर बोली केंद्र सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अभी कोरोना का खतरा टला नहीं है। इस बीच केंद्र सरकार की तरफ से मंगलवार को कहा गया है कि कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से किसी की मौत नहीं हुई है। हालांकि, केंद्र सरकार ने यह माना है कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की डिमांड काफी बढ़ गई थी। दरअसल कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने सरकार से पूछा था कि क्या यह सच है कि ण्दन्-19 की दूसरी लहर में कई सारे कोरोना मरीज सड़क पर और अस्पताल में इसलिए मर गए क्योंकि ऑक्सीजन की किल्लत थी? इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री भारती प्रवीण पवार ने इस सवाल के लिखित उत्तर में बताया कि 'स्वास्थ्य राज्य का विषय है। सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को कोरोना के दौरान हुई मौतों के बारे में सूचित करने के लिए गाइडलाइंस दिये गये थे। किसा भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की रिपोर्ट में यह नहीं कहा गया है कि किसी की मौत



ऑक्सीजन की कमी से हुई है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने आगे बताया कि महामारी की पहली लहर के दौरान, इस जीवन रक्षक गैस की मांग 3095 मीट्रिक टन थी जो दूसरी लहर के दौरान बढ़ कर करीब 9000 मीट्रिक टन हो गई। उनसे पूछा गया था कि क्या दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन न मिल पाने की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। पवार ने बताया कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है और राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश कोविड के मामलों और मौत की संख्या के बारे में केंद्र को नियमित सूचना देते हैं। उन्होंने बताया केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोविड से मौत की सूचना देने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा ''इसके अनुसार, सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश नियमित रूप से केंद्र सरकार को कोविड के मामले और इसकी वजह से हुई मौत की संख्या के बारे में सूचना देते हैं। बहरहाल, किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने ऑक्सीजन के अभाव में किसी की भी जान जाने की खबर नहीं दी है। इसके अलावा सरकार ने मंगलवार को यह भी बताया कि देश की दो वैक्सीन निर्माता कंपनियां बच्चों के लिए कोविड रोधी टीकों का परीक्षण कर रही हैं और उम्मीद जतायी कि इन परीक्षणों के सफल होने पर बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने साथ में यह आश्वसन भी दिया कि कोरोना वायरस महामारी की पहली और दूसरी लहर के आंकड़ों को देखते हुए बच्चों को लेकर अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं है। फिर भी सरकार इस मामले में पूरी तैयारियां कर रही है।

मंडाविया ने मंगलवार को राज्यसभा में कोविड-19 को लेकर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि लोग कह रहे हैं कि कोविड-19 की तीसरी लहर से बच्चों को बचाने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए । उन्होंने कहा कि भारत की दो कंपनियां इस दिशा में काम कर रही है। जायडस कैडिला ने इसे लेकर परीक्षण शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि भारत बायोटैक कंपनी ने भी यह परीक्षण शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस बारे में अभी उन्हें यह अनौपचारिक रूप से सूचना मिली है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वह इन कंपनियों के साथ संपर्क में हैं।

# देश में कोरोना से हुई 47 लाख मौतें, सरकार के दावे से 10 गुना ज्यादा है आंकड़ाः स्टडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में हेल्थ मिनिस्ट्री की ओर से कोरोना के चलते जितनी मौतों का दावा किया गया था, उससे 10 गुना ज्यादा लोगों ने संक्रमण के चलते जान गंवाई है। एक अमेरिकी रिसर्च ग्रुप की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक भारत में अब तक कोरोना संक्रमण की वजह से 4,14,482 लोगों की मौत हुई है, जो दुनिया में तीसरे नंबर पर है। भारत से आगे सिर्फ अमेरिका और ब्राजील ही हैं। अमेरिका में कुल 6 लाख 9 हजार लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा ब्राजील में अब तक 5 लाख 42 हजार लोगों की मौत हुई है। अमेरिकी स्टडी ग्रुप सेंटर ऑफ



ग्लोबल डिवेलपमेंट की रिपोर्ट में जो दावा किया गया है, वह अब तक का सबसे अधिक है। जो किसी भी संगठन की ओर से बताया गया है।

भारत में अप्रैल और मई के दौरान कोरोना संक्रमण के चलते बड़ी संख्या में मौतें दर्ज की गई थीं। स्टडी में दावा किया गया है कि कोरोना संक्रमण की शुरुआत से लेकर इस साल जून तक 34 से 47 लाख लोगों की मौत वायरस से हुई है। रिसर्चर्स का कहना है, 'वास्तव में मौतों का आंकड़ा कई मिलियन हो सकता है। यदि इस आंकड़े को देखा जाए तो भारत में आजादी और विभाजन के बाद से यह सबसे बड़ी त्रासदी है।' सेंटर ने अपनी स्टडी के तहत कोरोना के दौर में हुई मौतों और उससे पहले के सालों में गई जानों के आंकड़े का विश्लेषण किया है। इसके आधार पर ही सेंटर ने 2020 से 2021 के दौरान मौतों का आंकड़ा निकाला है और उसे कोरोना से जोड़ते हुए सरकार के आंकड़ों पर सवाल उठाया है।

इस स्टडी के लेखकों में भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे अरविंद सुब्रमण्यन स्वामी भी शामिल हैं। स्टडी में कहा गया है कि मौतों के आंकड़े को कोरोना से जोड़ना बेहद कठिन है, लेकिन सभी अनुमानों से यह पता चलता है कि शायद कोरोना संक्रमण के चलते ही बीते सालों के मुकाबले इस अवधि में मृत्यु का आंकड़ा इतना अधिक बढ़ा है। बता दें कि फ्रांस के रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर डिवेलपमेंट के एक्सपर्ट क्रिस्टोफे गुइलमोटो ने भी हाल ही में मई तक देश में कोरोना के चलते 22 लाख लोगों की मौत होने का अनुमान जताया था। हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि पूरी दुनिया के आंकड़ों से तुलना करें तो प्रति 10 लाख पर मौतों का आंकड़ा भारत में आधा ही है।

## मैंने कहा था कोरोना गो और वह मेरे पीछे ही पड़ गया, संसद में बोले मोदी के मंत्री रामदास आठवले



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के मॉनसून सेशन में कोरोना वायरस पर बहस के दौरान मोदी सरकार के मंत्री रामदास आठवले ने अपने ही अंदाज में एक बार फिर से चर्चा की। सदन में कोरोना पर चर्चा करते हुए रामदास आठवले ने कहा कि मैंने बीते साल कोरोना के खिलाफ मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया में रैली की थी। इस दौरान मैंने 'गो कोरोना गो' के नारे लगाए थे, लेकिन वह मेरे ही पीछे पड़ गया और मुझे अस्पताल तक जाना पड़ गया। रामदास आठवले ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने इतना अच्छा काम किया है कि गांव-गांव में महिलाओं और बच्चे तक उनकी सराहना कर रहे हैं। रामदास आठवले ने इस दौरान अपने ही अंदाज में कविता भी सुनाई और कहा कि पीएम मोदी का मन है सच्चा और वह नहीं हैं राजनीति में कच्चा। रामदास आठवले को संसद में चर्चा के दौरान अकसर कविता के अंदाज में चर्चा करने और मजाकिया लहजे में भाषण देने के लिए जाना जाता है। बीते साल जब उन्होंने गो कोरोना गो का नारा देते हुए रैली की थी तो उसकी भी चर्चा हुई थी। बता दें कि कुछ वक्त पहले ही वह भी कोरोना का शिकार हो गए थे और उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में 11 दिनों तक एडमिट रहना पड़ा था। रामदास आठवले ने इस दौरान मोदी सरकार की जमकर तारीफ की और कहा कि विपक्ष को टांग खिंचाई करने की बजाय सरकार का सहयोग करना चाहिए। वहीं राज्यसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद आनंद शर्मा ने कहा कि इस बार कोरोना की दूसरी लहर शहरों ही नहीं बल्कि गांव-गांव तक में पहुंच गई। यह किसी पर दोषारोपण की बात नहीं है बल्कि एक त्रासदी है। आज यूरोप और अफ्रीका के देशों में तीसरी लहर चल पड़ी है और हमारे यहां भी लोग डरे हुए हैं। कभी कहा जाता है कि अक्टूबर में लहर आएगी और कोई सितंबर की बात करता है।

## मालीः मस्जिद में नमाज के दौरान अंतरिम राष्ट्रपति पर चाकू से हमला, धरे गये हमलावर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता पर हमलावरों ने चाकू से हमला किया है। राजधानी बमारो की एक बड़ी मस्जिद में नमाज के दौरान अंतरिम राष्ट्रपति पर हमला किया गया है। बताया गया है कि 2 लोगों ने अंतरिम राष्ट्रपति पर हमला किया था। बताया जा रहा है कि इसमें से एक हमलावर के हाथ में चाकू था। हमले के बाद अंतरिम राष्ट्रपति असिमी गोइता को वहां से ले जाया गया।

न्यूज घटना के वक्त न्यूज एजेंसी 'इइ' के एक पत्रकार वहां मौजूद थे। पत्रकार ने इस हमले को अपनी आंखों से देखा है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति पर यह हमला इस्लामिक त्योहार ईद अल-अदहा के दौरान किया गया है। यहां धार्मिक मामलों के मंत्री मामादू कोनू ने न्यूज एजेंसी से बातचती में कहा कि युवक ने अंतरिम राष्ट्रपति की हत्या करने का प्रयास किया था, लेकिन वो धरा गया। वहीं मस्जिद के निदेशक लाटस टूर



ने कहा कि हमलावर राष्ट्रपति को मारना चाहता था लेकिन उनसे किसी और को जख्मी कर दिया। माली के अंतरिम नेता कर्नल असिमि गोइता ने एक राष्ट्रीय चैनल पर ऐलान किया कि उनकी हालत अभी ठीक है। असिमि गोइता ने कहा कि यह नेता होने का एक हिस्सा है।

## चीन ने शुरू की 600 किमी प्रति घंटे की स्पीड वाली ट्रेन, दुनिया की सबसे तेज रेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन में मंगलवार को 600 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली मैग्लेव ट्रेन शुरू हुई। यह ट्रेन दुनिया में सबसे तेज चलने वाला जमीनी वाहन है जिसे चीन में डेवलब किया गया है और इसकी मैन्यूफैक्चरिंग कि़गदाओ में हुई है। इलेक्ट्रो-मेगनिक फोर्स का इस्तेमाल करती हुई यह ट्रेन बल का उपयोग करते हुए चलती है। मैग्लेव ट्रेन बिना पहियों के साथ बहुते तेजी से चलती है। ईुतन् ग्त् चुंबकीय उत्तोलन के कारण पटरियों के बजाय हवा में चलती है। इस वजह से इसमें ऊर्जा की बहुत कम खपत होती है और यह आसानी से 500 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है।चीन लगभग दो दशकों से बहुत सीमित पैमाने पर प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहा है।

# पाकिस्तान के गृहमंत्री का ऊंट खरीदते हुए वीडियो वायरल, कुर्बानी को 5.60 लाख रुपए में खरीदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के गृहमंत्री शेख रशिद अहमद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पाकिस्तानी मंत्री कुर्बानी के लिए ऊंट खरीदते नजर आ रहा हैं। शेख रशिद अहमद ने यह वीडियो अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में ऊंट के व्यापारियों से भाव को लेकर तोलमोल करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद उन्होंने तीन ऊंट खरीदे। खरीदे गये ऊंटों की कीमत 5.60 लाख रुपया है। पाकिस्तानी मंत्री ने जो वीडियो शेयर किया उसमें लिखा है कि 'जानवरों के बाजार में कुर्बानी के लिए ऊंट खरीद रहा हूं। बताया जा रहा है कि कुर्बानी के लिए अपने मनपसंद जीव की खरीदारी के लिए पाकिस्तान



के मंत्री खुद जानवरों के बाजार में पहुंचे थे। उन्होंने यहां कई जानवरों के दाम पूछे और फिर अपनी पसंद से 3 ऊंट खरीदे। जानवरों के जिस बाजार में पाकिस्तानी मंत्री पहुंचे थे वो राउलपिंडी में स्थित है। बता दें ईद उल-अजहा 21 जुलाई को मनाई जाएगी।

ईद-उल-अजहा कुर्बानी का दिन है। ईद-उल-अजहा जिसे बकरीद भी कहते हैं यह त्योहार इस्लाम धर्म में आस्था रखने वाले लोगों का प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार रमजान के पाक महीने के करीब 70 दिनों बाद आता है। बकरीद के दिन बकरे या किसी अन्य पशु की कुर्बानी दी जाती है। इसे इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से आखिरी महीने के दसवें दिन मनाया जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के आखिरी महीने के आठवें दिन हज शुरू होकर 13वें दिन खत्म होता है। हालांकि कई गल्फ देशों में यह त्योहार आज (मंगलवार) को मनाया जा रहा है। दरअसल इस्लामिक मान्यता के अनुसार हजरत इब्राहिम अपने पुत्र हजरत इस्माइल को इसी दिन खुदा के हुक्म पर खुदा की राह में कुर्बान करने जा रहे थे तो अल्लाह ने उनके पुत्र को जीवनदान दे दिया था। उन?हीं की याद में यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन इस्लाम धर्म के मानने वाले नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे को ईद की बधाई देते है और जानवर की कुर्बानी देते हैं।यह इस्लाम धर्म का दूसरा सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस दिन कुर्बानी दी जाती है।